


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



जांबाज हिंदुस्तान के में...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917, 9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 08 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 19 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## टैक्सपेयर्स को सौगात देने जा रही मोदी सरकार! टैक्स छूट की सीमा बढ़ाने पर हो रहा विचार

नई दिल्ली। 2023 के बजट में बस कुछ ही दिनों का वक्त बचा हुआ है। मोदी सरकार पार्ट 2 का यह आखरी पूर्ण बजट होगा। ऐसे में इस बजट से आम लोगों को बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। आर्थिक विशेषज्ञ भी यह मानते हैं कि इस बार के बजट में मोदी सरकार सैलरीड क्लास से लेकर किसानों तक को बड़ी राहत प्रदान कर सकती है। 2024 में लोकसभा का चुनाव होना है। पिछले कुछ सालों को देखें तो सरकार की ओर से बजट में कई तरह के बदलाव भी किए गए हैं। टैक्सपेयर्स को लेकर भी कई बड़े बदलाव हुए हैं। हालांकि इस बार टैक्सपेयर्स को उम्मीद है कि इसकी छूट सीमा में बढ़ोतरी होगी। यहां तक कि यह भी कहा जा रहा है कि इस बार बेसिक इनकम टैक्स की छूट की सीमा को 2.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख किया जा सकता है।



अगर सरकार की ओर से यह फैसला होता है तो मध्यम वर्ग के टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में देखें तो बेसिक इनकम टैक्स छूट की सीमा व्यक्तिगत टैक्सपेयर्स के लिए नई और पुरानी व्यवस्था के तहत 2.5 लाख रुपए तक ही है। दरअसल, न्यू टैक्स रिजीम आजादी के बाद से चली आ रही परंपरा से अलग है। पारंपरिक टैक्स व्यवस्था को ओल्ड टैक्स रिजीम कहा जाता है। ओल्ड टैक्स रिजीम में 80सी, 80डी, एचआरए समेत कई तरह के डिडक्शन पर क्लेम किया जा सकता है। लेकिन नए टैक्स व्यवस्था में यह मुमकिन नहीं है। इन सब के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार सात कर स्लैब वाली वैकल्पिक आयकर व्यवस्था इसलिए लाई ताकि निम्न आय वर्ग के लोगों को कम कर देना पड़े। सीतारमण ने कहा कि पुरानी कर व्यवस्था में प्रत्येक करदाता लगभग 7–10 छूट का दावा कर सकता है और आय सीमा के आधार पर आयकर की दरें 10, 20 और 30 प्रतिशत के बीच होती हैं। मंत्री ने कहा कि पुरानी कर व्यवस्था के साथ ही सरकार एक वैकल्पिक प्रणाली लेकर आई है, जिसमें कोई छूट नहीं है, लेकिन यह सरल है और इसकी कर दरें कम हैं। सरकार ने आम बजट 2020–21 में वैकल्पिक आयकर व्यवस्था शुरू की थी, जिसके तहत व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) पर कम दरों के साथ कर लगाया गया। हालांकि, इस व्यवस्था में किराया भत्ता, आवास ऋण के ब्याज और 80सी के तहत निवेश जैसी अन्य कर छूट नहीं दी जाती है। इसके तहत 2.5 लाख रुपये तक की कुल आय कर मुक्त है। इसके बाद 2.5 लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक की कुल आय पर पांच फीसदी, पांच लाख रुपये से 7.5 लाख रुपये तक की कुल आय पर 10 फीसदी, 7.5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की आय पर 15 फीसदी, 10 लाख रुपये से 12.5 लाख रुपये तक की आय पर 20 फीसदी, 12.5 लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक आय पर 25 फीसदी और 15 लाख रुपये से ऊपर आय पर 30 फीसदी की दर से कर लगाया जाता है। पुरानी कर व्यवस्था के तहत भी 2.5 लाख रुपये तक की आय कर मुक्त है। इसके बाद 2.5 लाख रुपये से पांच लाख रुपये के बीच की आय पर पांच प्रतिशत कर लगता है, जबकि पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच 20 प्रतिशत कर लगाया जाता है। इसके बाद 10 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30 फीसदी कर लगता है। सीतारमण ने कहा कि पुरानी कर व्यवस्था के लाभ को हटाया नहीं गया है, बल्कि नयी छूट मुक्त कर व्यवस्था आयकर रिटर्न प्रणाली का एक वैकल्पिक रूप है। मंत्री ने कहा कि उत्पीड़न को खत्म करने के लिए कर विभाग ने आयकर रिटर्न के 'फेसलेस' यानी बिना आमने–सामने आये आकलन की व्यवस्था की है।

## ठंड से ठिठुर रहा दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत

### न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज, धूप के नहीं हो रहे दर्शन

नयी दिल्ली। दिल्ली की सर्दी अपनी चरम सीमा पर पहुंच रही हैं। जहां 6 जनवरी को कानपुर से खबर आयी कि ज्यादा ठंड के कारण 25 लोगों की मौत हो गयी वहीं 7 जनवरी को दिल्ली में भी पारा लुढक गया। इस पूरे सीजन का सबसे सर्द दिन 7 जनवरी का रहा है। माना जा रहा है कि अभी ठंड और भी बढ़ सकती हैं। राष्ट्रीय राजधानी समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार 7 जनवरी से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी फिर शुरू होगी। इससे उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में तापमान और गिर सकता है, जिससे ठंड बढ़ेगी।



दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से पांच डिग्री कम है और इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। घने कोहरे के कारण पालम में दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता 25 मीटर थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोहरे के कारण 36 ट्रेन एक से सात घंटे की देरी से चल रही हैं। मौसम कार्यालय के अनुसार, दृश्यता जब शून्य और 50 मीटर के बीच रह जाती है तो उस समय 'बहुत घना' कोहरा होता है। वहीं, 51 और 200 मीटर के बीच दृश्यता की स्थिति में 'घना', 201 और 500 मीटर के बीच 'मध्यम' और 501 तथा 1,000 मीटर के बीच दृश्यता की स्थिति में 'हल्का' कोहरा होता है। दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। लोधी रोड, आयानगर और रिज मौसम केंद्रों में न्यूनतम तापमान क्रमशरू दो डिग्री सेल्सियस, 3.4 डिग्री और 1.5 डिग्री दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा कि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिन में मुख्यतरू आसमान साफ रहने, मध्यम से घने कोहरे और दिन में ठंड की स्थिति का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## सुप्रीम कोर्ट ने समान कानून बनाने की मांग वाली याचिका पर कहा, क्या हम संसद को निर्देश दे सकते हैं?

नई दिल्ली। विभिन्न मुद्दों पर एक समान धर्म और लिंग–तटस्थ कानून बनाने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सनवाई कर रही था। इसी दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से यह सवाल किया कि क्या वह (न्यायालय) विधायिका को विवाह योग्य उम्र, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार, विरासत और गुजारा भत्ता जैसे विषयों पर धर्म और लिंग–तटस्थ कानून बनाने का निर्देश दे सकता है। दरअसल, वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से विभिन्न मुद्दों पर एक समान धर्म और लिंग–तटस्थ कानून बनाने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका दायर की गई थी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की।



हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि पीठ ने कहा, यह विधायिका के अधिकारक्षेत्र में आता है। श्री उपाध्याय, कृपया इसका जवाब दें कि यह विधायी हस्तक्षेप से संबंधित है और इस पर कानून बनाना संसद का काम है। इसे एक प्रारंभिक मुद्दे के रूप में लें और हमें इसका जवाब दें। कोर्ट ने कहा कि क्या सुप्रीम कोर्ट संसद को समान नागरिक संहिता के लिए कानून बनाने का निर्देश दे सकता है? हम पहले इस मुद्दे की जांच करेंगे। वहीं, केंद्र की ओर से, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने जवाब दिया, ष्यह मूल रूप से एक कानून के अधिनियमन से संबंधित मामला है, जिसे संसद के विवेक पर छोड़ दिया जाना चाहिए।ष याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने तलाक, गोद लेने, अभिरक्षा, उत्तराधिकार, विरासत, रखरखाव, विवाह की आयु और गुजारा भत्ता के लिए धर्म और लिंग–तटस्थ समान कानून बनाने का केंद्र को निर्देश देने को लेकर पांच अलग–अलग याचिकाएं दायर की हैं। उपाध्याय ने अगस्त 2020 में संविधान और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की भावना को ध्यान में रखते हुए सभी नागरिकों के लिए तलाक के एक समान आधार की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से एक और जनहित याचिका दायर की जिसमें संविधान और अंतरराष्ट्रीय संधियों की भावना के अनुरूप सभी नागरिकों के लिए लिंग और धर्म–तटस्थ भरण–पोषण और गुजारा भत्ता को लेकर समान आधार की मांग की गई थी।

## कश्मीर में रोजगार मेलों के माध्यम से तेजी से दूर हो रही है बेरोजगारी की समस्या



जम्मू। केंद्र सरकार और जम्मू–कश्मीर प्रशासन की ओर से लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी तमाम तरह के आयोजन किये जा रहे हैं। यही नहीं युवाओं के कौशल प्रशिक्षण का काम भी जम्मू–कश्मीर के बड़े शहरों से लेकर दूरदराज के क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस कार्य में सेना और सुरक्षा बल भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। कश्मीर के युवाओं में व्याप्त बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए आयोजित किये जा रहे रोजगार मेलों की कड़ी में हालिया आयोजन श्रीनगर में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने भाग लिया। इस रोजगार मेले में स्थानीय और बाहरी कंपनियों ने रोजगार के अवसरों की पेशकश की जिससे युवकों को बड़ा लाभ हुआ। प्रभासाक्षी संवाददाता ने जब रोजगार मेला के आयोजकों से बात की तो उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी दिलाने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया था।

## केजरीवाल का रोजगार का वादा अधूरा

### भाजपा का आरोप- आप ने विज्ञापनों पर खर्च किए करोड़ों रुपए

नई दिल्ली। भाजपा ने आज दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रोजगार को लेकर जो वादा किया था, वह पूरी तरीके से अधूरा है। उन्होंने रोजगार को लेकर झूठ बोला था। इसके साथ ही नए बाजार को लेकर भी केजरीवाल ने झूठ बोला था। भाजपा ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी ने विज्ञापनों पर करोड़ों खर्च किए। दिल्ली को पेरिस बनाने का वादा किया गया था लेकिन इस वादे का क्या हुआ। पात्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दिए गए बजट पर निरंतर अखघ्बारों में छप रहा है, आपको आश्चर्य होगा कि उनकी जितनी भी श्ठपह ज्पबामज |ददवनदबमउमदजेश थीं उनमें से किसी पर भी जमीन पर कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने श्रोजगार बजटश की घोषणा की थी... 20 हजार लोगों को रोजगार देने का वादा था लेकिन श्आउटकम बजटश कह रहा है कि आज की तारीख में इस पर कोई काम नहीं हुआ है। केवल बड़े बड़े बोल हैं... काम कुछ नहीं। भाजपा नेता ने कहा कि डिजिटल क्लासरूम का वादा था इनका लेकिन किसी भी स्कूल में ऐसा कुछ अभी तक नहीं है। जियोग्राफिकल लैब्स के विषय पर भी कुछ नहीं हुआ, स्कूल यूनिफॉर्म में सब्सिडी देने का वादा था लेकिन आउटकम बजट में बताया गया है कि केवल 37: बच्चों को ही आठ वर्षों में इसका लाभ मिला है। संबित पात्रा ने कहा कि बजट में वादारू बेघर बच्चों को आश्रय और शिक्षा प्रदान की जाएगी। आउटकम बजटरू उपलब्ध नहीं है। योजना के दिशा–निर्देशों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ब्ब्ज्ट का केवल 60: ही काम पूरा हो पाया है और दिल्ली सरकार आज स्वयं बता रही है कि इस 60 फीसदी में से भी आधे ही ब्ब्ज्ट क्रियाशील हैं। ये है अरविंद केजरीवाल जी की सच्चाई– बोलना कुछ, करना कुछ नहीं। आपको बता दें कि दिल्ली में एमसीडी मेयर पद के चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में जबरदस्त तरीके से वार पलटवार चल रहा है। दोनों एक दूसरे पर हमलावर है।



## ठंड का प्रकोप जारी, यूपी के इन जिलों में 14 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

लखनऊ। पश्चिम और उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी है।



उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में पारा लगातार गिरता जा रहा है। ठंड के साथ–साथ घना कोहरा भी साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि उत्तर भारत के कई राज्यों ने स्कूलों को बंद करने का फैसला किया है। उत्तर प्रदेश के भी कई शहरों में अब स्कूल 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। लखनऊ में 1 से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं 9 जनवरी से लेकर 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। गाजियाबाद में भी फिलहाल 11 जनवरी तक कक्षाएं बंद रहेंगे। नोएडा के स्कूल 14 जनवरी 2023 तक बंद रहेंगे। कई शहरों में कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक के छात्रों के लिए समय में बदलाव किया गया है। उत्तर प्रदेश में जारी शीतलहर की वजह से मैनपुरी में 14 जनवरी तक स्कूल बंद रहेंगे।






## फ्लाइट में यात्री को आया कार्डियक अरेस्ट, भगवान बनकर भारतीय मूल के डॉ. ने बचाई जान

नई दिल्ली। डॉक्टर को धरती पर भगवान का स्वरूप माना जाता है। एक भारतीय मूल के डॉक्टर ने हाल में ही लंबी दूरी की फ्लाइट में इमरजेंसी की स्थिति में एक नहीं बल्की दो यात्रियों का इलाज कर उनकी जान बचाई है। बर्मिंघम में सलाहकार हेपेटोलॉजिस्ट डॉ. विश्वराज वेमाला एक फ्लाइट के दौरान इमरजेंसी केस के दौरान मसीहा बन कर सामने आए हैं। फ्लाइट के दौरान एक आपात स्थिति बनी जब फ्लाइट में यात्रा कर रहे एक 43 वर्षीय यात्री को कार्डियक अरेस्ट आया और वो विमान के गलियारे में ही गिर गया। हालांकि, सौभाग्य से यात्री की जान बचाने के लिए एयर इंडिया लंदन–बेंगलुरु की फ्लाइट पर डॉक्टर विश्वराज वेमाला भी सफर कर रहे थे, जिन्होंने आपातकाल की स्थिति में मदद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने विमान में मौजूद प्राथमिक चिकित्सा किट और यात्रियों के पास उपलब्ध वस्तुओं से यात्री की दो बार जान बचाई और उन्हें नया जीवन दिया। इस घटना के बाद एक बयान जारी करते हुए खुद डॉ. वेमला ने कहा है कि ये ऐसी दुर्लभ घटना है जो उन्हें जीवन भर याद रहेगी। घटना का जिक्र करते हुए यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल बर्मिंघम ने ट्वीट किया कि हमारे सलाहकार हेपेटोलॉजिस्ट में से एक डॉ. विश्वराज वेमाला ने एक यात्री की जान बचाई है। उन्हें यात्रा के दौरान फ्लाइट में ही दो बार कार्डियक अरेस्ट आया था। डॉक्टर ने आपातकालीन स्थिति में काम करते हुए सीमित सामग्री के साथ ही उनका इलाज किया। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर अपनी मां को बेंगलुरु ले जाने के लिए यूके से भारत की उड़ान पर थे। इसी बीच एक यात्री को कार्डियक अरेस्ट आया जिसकी कोई मेडिकल हिस्ट्री नहीं थी। यात्री की हालत देखते हुए एयर इंडियाके स्टाफ ने डॉक्टर को मदद के लिए बुलाया और तभी डॉक्टर ने उसे मदद के लिए बुलाया। एक घंटे की मशक्कत के बाद यात्री को होश आया। बाद में, डॉक्टर ने एयर इंडिया केबिन क्रू से मेडिकल किट मांगी और व्यक्ति का इलाज किया। जानकारी के मुताबिक एक घंटे की मशक्कत के बाद यात्री को फिर से होश आया। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी जांच के लिए बोर्ड पर एकमात्र उपकरण ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रीलेटर और ऑक्सीजन था। वहीं अन्य यात्रियों के पास मौजूद ब्लड प्रेशर मशीन, हार्ट रेट मॉनिटर, ग्लूकोज मीटर, पल्स मॉनीटर जैसे उपकरणों से पीड़ित यात्री की जान बचाई जा सकी। बयान में ये भी कहा गया कि उड़ान के दो घंटों के दौरान पीड़ित मरीज का ब्लड प्रेशर ठीक नहीं था, केबिन क्रू के साथ मिलकर हम उन्हें कुल पांच घंटे तक जीवित रखने की कोशिश की गई। ये पूरा सफर और घटना काफी डरा देने वाली घटना थी। ये पूरा सफर और घटना केबिन क्रू, डॉक्टर और सह यात्रियों के लिए भावनात्मक तौर पर भी काफी मुश्किल था।



# किसान अब घर बैठे सारथी ऐप से कृषि वैज्ञानिकों से लेंगे सलाह

## कृषि वैज्ञानिकों ने किसान सारथी ऐप पर की चर्चा

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज द्वारा संचालित 33 कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत वरिष्ठ वैज्ञानिकों, कंप्यूटर प्रोग्रामर एवं तकनीकी कर्मियों को पोर्टल अपडेट करने हेतु सी0एम0एस0 पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसान सारथी ऐप पर भी चर्चा की, प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्रों पर कम से कम 5000 किसानों को ऐप डाउनलोड कराया जाएगा ताकि सामयिक खेती समेत अन्य जानकारियां किसान आसानी से पा सके। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रसार निदेशालय द्वारा मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत पूर्वांचल के कृषि विज्ञान केंद्र गोरखपुर, जौनपुर, बस्ती, बहराइच, हैदरगढ़, गोंडा, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, अमेठी, अंबेडकरनगर समेत 33 केन्द्रों पर कार्यत वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों, अध्यक्ष, कंप्यूटर प्रोग्रामर एवं तकनीकी कर्मियों को पोर्टल अपडेट करने हेतु सीएमएस पर प्रशिक्षित किया गया। निदेशक प्रसार डॉ. ए पी राव ने प्रशिक्षणार्थियों को अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि तकनीकी बिंदुओं पर जोर देते हुए समय से कार्य पूर्ण करने के क्रियान्वयन विधि पर जानकारी देते हुए कहा कि सभी कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कंप्यूटर प्रोग्रामर अपने अपने क्षेत्र से कम से कम 5000 किसानों को सारथी ऐप से जोड़े, ताकि किसान डिजिटल प्लेटफॉर्म किसान सारथी ऐप के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों से सीधे कृषि के क्षेत्र में व्यक्तिगत सलाह लें सकेंगे। और वे अपनी उपज वैज्ञानिक विधि से बढ़ाकर अपनी आय दोगुना कर सकेंगे। प्रशिक्षण का उद्घाटन कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया तथा उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों से आए कृषि वैज्ञानिकों को मोटे अनाज, ज्वार, बाजरा, मक्का, जौ, कोदो, सामा समेत अन्य मोटे अनाज पर विशेष रूप से कार्य करने हेतु बल दिया। एवं मोटे अनाज को समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों पर क्राफ्ट कैफेटेरिया के रूप में लगाने हैं निर्देशित किया। इस मौके पर वित्त पोषित संस्था भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अटारी–रावतपुर कानपुर के गौरव, इंजीनियर रश्मी ने प्रशिक्षण विशेषज्ञ के रूप में जानकारी प्रदान किया तथा कृषि विज्ञान केंद्रों को अपनी वेबसाइट को केंद्रों द्वारा स्वयं अपलोड किए जाने के संबंध में विशेष जानकारी दी। इसी क्रम में विशेषज्ञ ओमेगा टेली सोलुएसन, बैंगलोर ने केंद्रों के वैज्ञानिक धनंजय कानेतकर, संजीव ढोलकिया ने वेबसाइट अपडेट करने की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर डॉ आर आर सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ अरविंद सिंह समेत कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक एवं कंप्यूटर प्रोग्रामर मौजूद रहे।

# नियमित योग मानसिक तनाव को करता है कम : आलोक तिवारी

### -विवि की कुलपति सहित शिक्षकों व अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के योगिक विज्ञान द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योगाचार्य आलोक तिवारी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इसमें विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल व शिक्षक, अधिकारी शामिल रहे। विश्वविद्यालय में नूतनवर्ष के प्रथम प्रभात से आयोजित वर्चुअल योगाभ्यास कार्यक्रम के तहत प्रातः सात बजे योगाचार्य द्वारा योग प्राणायाम कराया गया। उन्होंने बताया कि भस्त्रिका, अनुलोम–विलोम, कपाल भाति अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए। इससे रक्त संचार एवं फेफड़े की श्वसन शक्ति का संचार होता है। उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ्य एवं सक्रिय रखने के लिए प्राणायाम जरूरी है। इससे मानसिंक तनाव कम होता है। व्यक्ति को प्रत्येक दिन 30 से 40 मिनट तक योगासन करना चाहिए। शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि योग व्यक्ति को स्वस्थ बनाये रखने में मदद करता है। कई बीमारियों में योग करने से राहत मिलती है। इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता के साथ मानसिक तनाव दूर होता है। प्रो0 मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो0 गोयल की प्रेरणा से नूतन वर्ष से ही निरन्तर योगाभ्यास चलाया जा रहा है। इसमें आवासीय शिक्षक एवं अधिकारी बढ़चढ़ कर सहभागिता दे रहे है। योगाभ्यास में कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 पीके द्विवेदी, डॉ0 अनिल कुमार मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 कपिल राना, योगाचाय अनुराग सोनी, गायत्री वर्मा, डॉ0 अनुराग पाण्डेय, डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, डॉ0 अनुराग तिवारी, डॉ0 लोकेन्द्र सिंह उमराव, डॉ0 कपिदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

## कैटर्स दंपत्ति ने खाया जहर

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र के नाका पहाड़गंज निवासी चर्चित दिलीप कैटर्स के प्रोपराइटर और उसकी पत्नी ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को बेटे ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने दिलीप को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। रात लगभग 8:30 बजे नाका पहाड़गंज निवासी ऋषभ अपने पिता 45 वर्षीय दिलीप पुत्र स्व. रामकलप तथा माता 40 वर्षीय कंचन को लेकर जिला अस्पताल आया। चर्चा है कि पारिवारिक कलह के चलते दंपति ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालांकि परिवार के लोग घटना के विषय में कुछ भी बोलने और बताने से परहेज कर रहे हैं। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि पति–पत्नी दोनों की हालत गंभीर होने के चलते इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ आशुतोष प्रताप सिंह ने भर्ती कर उपचार शुरू किया है। हालत गंभीर होने के चलते दिलीप को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

# विवि में सड़क सुरक्षा जागरूकता में संचार माध्यमों की भूमिका पर गोष्ठी का आयोजन

## पत्रकारिता के छात्र–छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के मुद्दों पर किया मंथन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता में संचार माध्यमों की भूमिका विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एमसीजे समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति संचार माध्यमों की जिम्मेदारी अत्यधिक बढ़ गई है। सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं का मीडिया द्वारा प्रसारित एवं प्रकाशित की जाती है जो आमजनमानस को काफी जागरूक करती है। इसके बावजूद दुर्घटनाओं में कमी नही देखी जा रही है। डॉ0 चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों की अवहेलना स्वयं के साथ अन्य के परिवारों को अपनी जान गवानी पड़ती है। आज जरूरत है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई के साथ अनुपालन हो और अन्य को भी जागरूक करने की पहल की जाये। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति सतर्कता बरतने के लिए समय–समय पर शिक्षण संस्थानों सहित कई सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। मीडिया द्वारा चलाई जा रही मुहिम का लोगों के बीच व्यापक असर पड़ रहा है। विभाग के शिक्षक डॉ. राजनारायण पाण्डेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा लोगों के जीवन से जुड़ा हुआ है। सभी को वाहन चलाते समय सतर्कता बरतनी जरूरी है। उन्होंने सड़क दुर्घटना के कई कारणों को गिनाते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के पीछे लोगों द्वारा किए गए सड़क मार्गों पर अतिक्रमण भी है। इसें रोकने के लिए पत्रकारों द्वारा कवरेज की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। सभी को सड़क सुरक्षा के संकेतों का पालन करना चाहिए। इसके साथ ही अवैध ड्राइविंग लाइसेंस पर लगाम लगना चाहिए। तभी होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है। गोष्ठी में विभाग के डॉ0 अनिल कुमार विश्वा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करना सभी की जिम्मेदारी बनती है। संचार माध्यमों द्वारा सुरक्षा के प्रति लोगों को निरंतर जागरूक किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं को सुरक्षित रखें और दूसरे को भी सुरक्षित रहने दे। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अनमोल है। गोष्ठी में विभाग के छात्र–छात्राओं ने भी अपने विचार बढ़चढ़ कर रखे। हिमांशी सिंह ने कहा कि युवा ओवर स्पीड वाहन न चलाये।

जग्गनाथ मिश्र ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन स्वयं संकल्पित होकर करना होगा। अभिषेक दूबे ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करते हुए दुर्घटना से बचा जा सकता है। दीक्षा गौतम ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। रोशनी कुमारी ने कहा कि व्यक्ति को रक्षा और सुरक्षा दोनों की आवश्यकता है। इसलिए सड़कों पर सीमित गति से वाहन चलाये। अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की लापरवाही के कारण काफी संख्या में लोग विकलांग हो जा रहे है। गोष्ठी में हरिकृष्ण यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जागरूक करने में मीडिया की विशेष भूमिका होती है। सुधांशु शुक्ला ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति मीडिया प्रेरक है। शैलेश यादव ने कहा कि देश की सीमा पर जितने जवान शहीद नही होते है उससे ज्यादा सड़क दुर्घटना में जान गवा बैठते है। उत्तम ओझा ने कहा कि दुर्घटना से आर्थिक नुकसान होता है। अतुल कुमार ने कहा कि सर्वेक्षण से पता चलता है कि अत्यधिक मौते सड़क हादसे की वजह से होती है। इसके लिए जनपद स्तर पर कार्यक्रम चलाकर जागरूक होना होगा। सौरभ मिश्र ने कहा कि सड़क दुर्घटना के उपरांत चिकित्स उपचार तत्काल आवश्यक है। इससे जीवन रक्षा हो जाती है। गोष्ठी में आदर्श मिश्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन युवाओं को अत्यधिक करना चाहिए। प्रगति ठाकुर ने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेल्मेट लगाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मनीषा ओझा ने कहा कि सड़क सुरक्षा आवश्यक उपाय है। निलेश द्विवेदी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में हजारों लोगों की मौत रोज होती है। इसके पीछे कहीं न कहीं हम सभी जिम्मेदार है। गोष्ठी को अनमोल उपाध्याय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा तान्या सिंह द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन छात्र प्रनीता राय ने किया। इस अवसर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### ठंड से बचने के उपाय में दो महिलाएं झुलसीं

अयोध्या। कहर बरपा रही ठंड से बचने के उपाय में दो महिलाएं झुलस गईं। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में रानीबाजार दिगंबर अखाड़े के निकट अलाव ताप रही बुजुर्ग महिला 50 वर्षीय राजकुमार पत्नी स्व. रामदास आग की चपेट में आ गई और 40 फीसदी झुलस गई। वहीं इनायतनगर थाना क्षेत्र के सराय मजरा में 52 वर्षीय सीतापति पत्नी सालिकराम ने हाथ गर्म करने के लिए गैस जलाई तो वह आग की चपेट में आ गई। जिला अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. आशीष पाठक ने बताया कि दूसरी पहर 4:30 बजे दोनों को भर्ती कराया गया है। दोनों का उपचार किया जा रहा है।

## बेसहारा एवं गरीब जरूरतमंदों को वितरित किया गया कंबल

मीरजापुर । लालगंज तहसील क्षेत्र के धसड़ा गांव में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस, उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा पहुंचकर बेसहारा एवं गरीब लोगों को कंबल वितरित किया। वहीं पर कम्बल मिलते ही गरीबों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। लालगंज विकास खंड अंतर्गत धसड़ा ग्राम प्रधान शांति देवी के सौजन्य से बेसहारा,गरीब, असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल का वितरण करवाया। वहीं पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस, उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने कहा कि गरीब, असहाय, बेसहारा ब्यक्तियो को कम्बल बितरित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत काम है। कम्बल वितरण के बाद ग्राम प्रधान द्वारा अपने गांव के किसानों को सब्जी का बीज भी निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में बामी गांव के पूर्व प्रधान पति राकेश त्रिपाठी, पूर्व ग्राम प्रधान धसड़ा ओमप्रकाश यादव के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

## 'महाकुंभ तक प्रदेश में दौड़ेगी सात हजार नई बसें

मीरजापुर । 2025 में लगने वाले महाकुंभ मेला के पूर्व उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा सात हजार नई बसें यात्री सेवा के लिए सड़कों पर दौड़ेंगी। हवाई अड्डा के तर्ज पर तैयार किया जाएगा मीरजापुर बसअड्डा। उक्त कथन प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मां विंध्यवासिनी के दर्शनोपरांत पत्रकारों से बात करते हुए कही। दयाशंकर सिंह ने बताया की मैने परिवहन विभाग के अलावा यहां के पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों से बात की है की किस तरह ओवरलोडिंग पर पूर्ण नियंत्रण किया जाय। सड़क दुर्घटनाओं को किस तरीके से रोका जाय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक हजार बसों के लिए बजट मंजूर की है, जिसका हम टेंडर भी करने जा रहे है। आगामी माघमेला के पूर्व 28 सौ बसों की तैयारी की जा रही है। बस की यात्रा और बेहतरीन बनाने की उद्देश से हम कुछ नई योजना पर काम कर रहे है जिसमे प्रत्येक जनपदों से देश की राजधानी दिल्ली के लिए सीधी बसे चलाई जाएगी, जिसमे दस फीसदी अतिरिक्त किराया यात्रियों को वहन करना पड़ेगा पर वे बसें नॉनस्टॉप होंगी। इसी तरह प्रदेश के तमाम जनपदों से गैर जनपदों के लिए नॉनस्टॉप सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। राहुल गांधी द्वारा देशजोड़ो यात्रा पर उन्होंने कहा की कांग्रेस ने इतनी गलतियां की है बेहतर होता की वे देशजोड़ो की जगह प्रायश्चित यात्रा करते।

### नगर निकायों के दैनिक कार्यो के सम्पादन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित

मीरजापुर । शासन के निर्देश एवं व्यवस्थानुक्रम में जनपद के नगर निकायों के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात् नगर निकायों के दैनिक कार्यो के सम्पादन हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा त्रिस्तरीय समिति का गठन किया गया है, त्रिस्तरीय समिति में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं समस्त अधिशाी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचाययत मीरजापुर को सदस्य नामित किया गया हैं। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि निकाय के दैनिक कार्यों को सम्पादित करेगीं और कोई नीतिगत निर्णय नहीं लेगी।

### असहायों को थाना प्रभारी ने बांटे कम्बल

गोसाईगंज–अयोध्या। कड़कती ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने वाले गरीबों और जरुरतमंदों पर मानो इस वक्त मूसिबत का पहाड़ टूट पड़ा हो। इन जरुरतमंदों का ध्यान रखते हुए गोसाईगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार अपना सहयोग करते हुए गरीब एवं निराश्रित जरूरतमंद महिलाओं व पुरुषों को भीषण सर्दी से बचने के लिए कंबल बांटे। . सुबह को थाना प्रभारी ने पुलिस के सहयोग से कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंद व्यक्तियों ने राहत महसूस की। गोसाईगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने कहा कि ठंड के मौसम में लोग घरों में रहकर खुद को सुरक्षित रख सकते हैं, पर इन जरुरमंदों का भी हमें ख्याल रखना चाहिये। ज्यादतर घरों में लोगों के गर्म कपड़े साल भर में छोटे हो जाते हैं उन्हें इन जरुरतमंदों में बांट दे। हमारी छोटी सी मदद इनका भला भी होगा और हमें दुआएं भी मिलेंगी।

# उत्तर प्रदेश पुलिस की त्वरित कार्यवाही से टली संभावित सड़क दुर्घटना

मीरजापुर । आलोचना करना बुरा नहीं होता मगर कोई अच्छा काम करे तो खुलकर तारीफ भी होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश पुलिस के डायल 112 के व्हाट्सएप नंबर 7570000100 पर लिखित शिकायत भेजने के बाद कितनी त्वरित कार्यवाही होती है, इसी का सबूत है यह घटना। हुआ यूं कि 3 जनवरी 2023 की रात, एक दाह संस्कार में शामिल होने के बाद, श्सत्या फाउण्डेशनश के संस्थापक सचिव चेतन उपाध्याय प्रयागराज से वाराणसी की ओर अपनी कार को खुद चलाते हुए आ रहे थे। रास्ते में टोडरपुर से 2 किलोमीटर पहले देखा कि आगे जा रही एक कॉमर्शियल हैवी ट्रक में दोनों तरफ कम से कम 5–6 फीट बाहर तक तक भारी सामान लदा हुआ हुआ था जो दूर से दिख भी नहीं रहा था और जिसके कारण भारी दुर्घटना हो सकती थी। चेतन ने तुरंत ही उक्त भारी ट्रक का नंबर नोट करते हुए, अपनी कार को सर्विस लेन में खड़ा करके वाराणसी ट्रैफिक पुलिस के एसीपी विकास श्रीवास्तव को 94544401647 पर सूचना दी। एसीपी ट्रैफिक ने बताया कि नेशनल हाइवे पर चल रहे उक्त भारी वाहन को पकड़ने के लिए ट्रैफिक पुलिस की वयवस्था नहीं है और उनकी सलाह के मुताबिक आगे के थानों और वाराणसी पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9454401645 पर सूचना दी गयी। इसके बाद चेतन ने जैसे ही कार आगे बढ़ायी, थोड़ी दूर पर टोडरपुर में बत्रा राजस्थानी ढाबा पर उक्त खतरनाक ट्रक खड़ी दिखाई पड़ी। पूछताछ करने पर ड्राईवर ने बताया कि ट्रक के पीछे लगी रहने वाली इंडिकेटर लाईट खराब हो गयी है। चेतन ने तुरंत ही यूपी पुलिस के डायल 112 के वाट्सअप नंबर 7570000100 पर इसकी लिखित शिकायत की और साथ ही ट्वीट भी किया कि वाराणसी में जीटी रोड पर टोडरपुर में स्थित बन्ना होटल राजस्थानी के सामने एक बड़ी ट्रक खड़ी है जिसका नंबर है ळश्र 12 ठ– 3587, जिसमें दोनों तरफ 5 फीट से अधिक, ब्उउमतबपंस ळवववके बाहर की ओर निकला हुआ है और इसमें दाहिनी तरफ की प्दकपबंजवत स्पहीज लाइट भी काम नहीं कर रही है, जिसके कारण भयंकर एक्सीडेंट हो सकता है. कृपया उचित कार्रवाई करें. अभी यह ट्रक होटल पर खड़ी है और 15 मिनट में वाराणसी की तरफ बढ़ेगी। इससे पहले कि यह अन्य लोगों को मारे, कृपया इसको रोक दिया जाए। शिकायत के बाद तुरंत ही, चीते की फुर्ती से, 5 मिनट के अंदर ही पुलिस आ गई और शिकायत को सत्य पाते हुए, उक्त भारी ट्रक को यह कहते हुए, मौके पर ही खड़ा करवा दिया गया कि पीछे की इंडिकेटर लाइट बनवाने के बाद ही यह भारी ट्रक आगे की तरफ जाएगी। इसके बाद चेतन उपाध्याय ने वाट्सअप और ट्वीटर पर पुलिस विभाग को हार्दिक धन्यवाद दिया और साथ ही पुलिस के उक्त गुड़ वर्क का लाइव वीडियो, तुरंत ही फेसबुक पर डाल दिया जिसमें आन ड्यूटी पुलिस को यह कहते सुना जा सकता है कि जहां इस युग में कोई इस तरह की बातों की परवाह नहीं करता, वहीं चेतन उपाध्याय ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए, आम जनता को संभावित दुर्घटना से बचाया है।

# समाज की सेवा करके ही सच्चा सुख प्राप्त किया जा सकता है: मनोज श्रीवास्तव

मीरजापुर । समाज की सेवा करके ही सच्चा सुख प्राप्त किया जा सकता हैं। हम सब भारत माता की संतान हैं। अपनों के चेहरे पर राहत का भाव लाकर ही अनमोल प्रसन्नता बिना कहे प्राप्त किया जा सकता है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने लालडिग्गी स्थित अपने आवास पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में व्यक्त किया। कहा समाज की सेवा करने का अवसर बड़े भाग्य से मिलता है। हम सब भारत माता की संतान हैं। इसमें कोई छोटा हैं तो कोई बड़ा हैं। कोई धनवान है तो कोई गरीब हैं।

भगवान ने अंतर रखकर एक दूसरे के व्यवहार को परखने का पैमाना बनाया है। भारत माता अपने पुत्रों के आचरण को देख रही है। जो एक साथ भारत माता की जय बोलते हैं। आदि काल से वसुधैव कुटुंबकम की भावना भारत की समरसता का प्रतीक रहा है। कहा कि एक ही मां की संतान होने के नाते हम सब का कर्तव्य हैं कि जरूरतमंद की सेवा कर उसका सहयोग करें। कोरोना काल से ही जिले के जरूरत मंद लोगों की सेवा करने में जुटे श्रीवास्तव ने कहा कि तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा। समाज में आने के बाद उन्हें समाज से ही मिला, जिसे समाज को दिया गया। कुछ देने के बाद लोगों के चेहरे पर राहत का भाव देख कर भक्त और भगवान दोनों खुश होते है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ला भाजपा पूर्व जिला महामंत्री आशुकांत चुनाहे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विद्याधर तिवारी, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनिल बरनवाल, गोवर्धन त्रिपाठी, क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा रविशंकर साहू, नगर मंत्री अंकुर श्रीवास्तव, रविंद्र जायसवाल, संतोष सिंह संधू, जितेंद्र यादव, हरिनारायण, विकेश, दिलीप, पप्पू, गोलू चौधरी, भाजपा नेता महेंद्र जायसवाल आदि उपस्थित थे। संचालन भाजपा के नगर उपाध्यक्ष मनोज दमकल ने किया।

# वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायतित एवं थारू जनजाति महिला विकास समिति द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम आबर



गौरा रोड जनपद बलरामपुर में बीएन प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के मैनेजर विनीत श्रीवास्तव के द्वारा आश्रम में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आश्रम में निवासरत 73 वृद्धजन 20 महिला 53 पुरुषों के आंखों का जांच किया गया जिसमें 11 वृद्धजनों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन होना है तथा 20 वृद्धजनों के आंखों का चश्मा बनना है। तथा सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए इंजेक्शन, आवश्यकतानुसार दवा काम वितरण भी किया गया। इस मौके पर डॉ गिरीश चंद्र नेत्र सर्जन लंदन, डॉ वीरबाला चंद्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ लंदन, डॉ अलकादअली नेत्र सहायक, पुष्पा प्रजापति स्टाफ नर्स, बी0एन0 प्रसाद मेमोरियल अस्पताल मैनेजर विनीत श्रीवास्तव तथा वृद्ध आश्रम प्रबंधक रमेश कुमार यादव व समस्त कर्मचारी तथा वृद्धजन उपस्थित रहें।

# पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित हुआ पशु आरोग्य मेला







दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख योजनाओं में से एक पशुपालन विभाग द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन पूरे प्रदेश में चल रहा है। उसी के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर के विकासखंड नौगढ़ में ग्राम सभा रोहुडीला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। पशु आरोग्य मेला का आयोजन पशु चिकित्सालय नौगढ़ सदर की तरफ से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी यादव के दिशा निर्देशन में पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। मेलें में मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक श्याम धनी राही उपस्थित रहे एवं मेले की अध्यक्षता ग्राम प्रधान दूधनाथ यादव ने किया। पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ विधायक श्याम धनी राही द्वारा गो पूजन करके किया गया। गौ पूजन के उपरांत विधायक ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हर वर्ग के साथ–साथ पशुओं की भी चिंता कर रही है तथा उन्हें यथासंभव सुविधा मुहैया कराने का पूरा प्रयास कर रही है उसी के क्रम में आज यह पशु मेला लगाया गया है। सभी पशुपालक अपने पशुओं का ठंड में बचाव का विशेष ध्यान रखें तथा समय–समय पर टीका लगाते रहें। आप गौशाला से गोवंश पालन हेतु गाय ले सकते हैं तथा उसके बदले आपको 900 प्रतिमाह अभी मिलेंगे। यह योजना पूरे प्रदेश में चलाई जा रही है। मेले की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान दूधनाथ यादव ने कहा कि मैं पशुपालन विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि हमारे गांव में शिविर लगाया गया तथा गांव के पशुपालकों को निशुल्क दवा वितरित की गई, जिससे सभी पशुपालक लाभान्वित हुए। अंत में पशु आरोग्य मेले के आयोजक पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने विधायक एवं ग्राम प्रधान सहित समस्त ग्राम वासियों को मेले में उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लेते हुए निशुल्क दवा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। पशु आरोग्य मेले में उपस्थित सभी पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन कर उनको निशुल्क दवा वितरित की गई। इस मेले में पशुपालन विभाग की तरफ से रमेश चंद्र प. प्र.अ., उमेश चंद्र पांडे, चंद्रजीत, महेंद्र पाल, अशोक कुमार सहित ग्रामवासी रामवृक्ष, कपिल देव, संत राम, गुरुदेव, गीता देवी, रुदल कुमार, झगरु यादव, संतराम, ज्ञान चंद्र, इंद्रजीत, विजय यादव सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। पशु आरोग्य मेले में कुल 386 पशुओं हेतु निशुल्क दवा का वितरण तथा टीकाकरण एवं चिकित्सा किया गया, जिसमें 28 गाय, 80 भैंस, 128 बकरी तथा 150 भेड़ मौजूद रही। उक्त जानकारी पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने दी।

# 21 वाहनों की एक लाख छियासी हजार में हुई नीलामी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। उसका थाना परिसर में शनिवार



की वाहनों की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। नायब तहसीलदार माधुर्व यादव व एसएचओ बलजीत राव की उपस्थिति में 21 वाहनों की नीलामी हुई जिसमें एक लाख छियासी हजार रुपये राजस्व के रूप में मिले। एसएचओ बलजीत ने बताया कि नीलाम हुए वाहनों में 10 बाइक, 8टेंपू, 3 चार पहिया वाहन शामिल रहे। दो लाख रुपये जमानत राशि निर्धारित की गई थी जिसे जमकर लोगों ने नीलामी में हिस्सा लिया।

# 9 जनवरी से प्रधान कार्य बंद कर करेंगे अनिश्चित हड़ताल, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। ग्राम प्रधानों ने 14 सूत्रीय मांगो




को लेकर बीडीओ को कल शनिवार को ज्ञापन दिया गया विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानों ने 9 जनवरी से ब्लॉक का कार्य बंद कर अनिश्चित हड़ताल करेंगे प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्रीस प्रताप यादव की अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा गया मोबाइल में नेटवर्क समय की समस्या, मनरेगा की समस्या, मनरेगा का रुपया भुगतान की समस्या, विद्युत बिल की समस्या, ग्राम रोजगार की तबादला की नीति बनाई जाय आदि समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस में उपस्थित श्रीस प्रताप यादव, गोली प्रधान, अर्जुन, रामकिशुन, सतीश चंद्र, आरती, पवन आदि ग्राम प्रधान पहुंचकर ज्ञापन दिए।

# सिंचाई विभाग में अनिल सिंह को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सिद्धार्थनगर का



जिला अध्यक्ष बनने पर जिला अध्यक्ष अनिल सिंह का सिंचाई विभाग के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा जनपद के समस्त विभागों के सम्मानित कर्मचारी साथियों ने जिला जिला अध्यक्ष नहीं बल्कि एक चौकीदार चुना है मैं जनपद के समस्त कर्मचारी साथियों का पूर्ण ईमानदारी और तन्मयता के साथ उनके सम्मान की रक्षा करूंगा तथा उनकी समस्याओं को हर स्तर से समाधान कराऊंगा इसके लिए मुझे जो भी कुर्बानी देनी पड़ेगी मैं पीछे नहीं हटूंगा जय हिंद जय परिषद।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण हुआ समाधान दिवस





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील दिवस आयोजन के अवसर पर गरीबध्असहाय ग्रामीण व्यक्तियों के समस्याओं का त्वरित निस्तारण तहसील दिवस के माध्यम से किया जाता हैं। तहसील बांसी में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक बांसी जय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे। तहसील बांसीध में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी संजीव रंजन, उपजिलाधिकारी बांसीध प्रमोद कुमार द्वारा किया गया तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस बांसीध में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 35 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व–16, पुलिस विभाग से सम्बन्धित–05, विकास–06, एवं अन्य 08 प्रकरण प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व–03 प्रार्थना–पत्र को जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत–प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला दिव्यांगजन सश्क्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, तहसीलदार बांसी संजीव दीक्षितध, तहसील बांसीध क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दवा विक्रेता समिति ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। तहसील शोहरतगढ़ अंतर्गत कोईरी गांव में दवा





विक्रेता समिति सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में कंबल वितरण किया गया, दवा विक्रेता समिति द्वारा इस मौके पर लोगों को जहां ठंड के मौसम में बचाव के प्रति सचेत किया गया, वहीं गरीबों, असहायों, निराश्रितों एवं अन्य जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया गया, जिससे ठंड के मौसम में वे लोग खुद का बचाव कर सकें, कार्यक्रम में आगे भी इस प्रकार के आयोजन करने और दूसरे लोगों से भी इस तरह की सहायता हेतु आगे आने के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान 150 लोगों को कंबल दिया गया। कंबल वितरण समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए दवा विक्रेता समिति के जिलाध्यक्ष, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने कहा कि गरीबों की सेवा करना एक पुनीत कार्य है, इसमें समाज के लोगों को भी आगे आना चाहिए। कंबल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहम्मद जमील सिद्दीकी, बस्ती मंडल के संगठन मंत्री, कमलेश दुबे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद शेखर पांडे जिला महामंत्री मनोज जयसवाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कसौधन संगठन मंत्री उमेश तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, संजय अग्रहरी और तमाम दवा विक्रेता साथी उपस्थित रहे।

# दिलीप द्विवेदी को मिला प्रथम डॉ राम नरेश मिश्र साहित्य सम्मान





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय स्थित इंदिरा नगर के लक्ष्मी विहार में डॉ राम नरेश मिश्र की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर काव्यांजलि नाम से एक काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। तीन घंटे तक चले काव्यांजलि में कवियों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों और पत्रकारों की गरिमामई उपस्थिति रही। गौरतलब है कि कवि, चिंतक, विचारक और अपने विद्यार्थियों के अंतर्मन को आलोकित करने वाले डॉ राम नरेश मिश्र, पूर्व प्राचार्य, बुद्ध विद्यापीठ महाविद्यालय नौगढ़, सिद्धार्थनगर की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर ही दिलीप द्विवेदी को प्रथम डॉ राम नरेश मिश्र साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। शाल और मोमेंटो देने के साथ उन्हें 2100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। अब प्रत्येक वर्ष साहित्य की विधाओं में कार्य करने वाले युवाओं को यह पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम डॉ राम नरेश मिश्र साहित्य सम्मान विकास खंड नौगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी आदरणीय धर्मेंद्र पाल द्वारा दिलीप द्विवेदी को प्रदान किया गया। ध्यातव्य है कि तीन घंटे से अधिक चले श्रद्धांजलि सभाध काव्यांजलि कार्यक्रम में शहर के जाने माने कवियों, शायरों और कवयित्रियों ने हिस्सा लिया। काव्यांजलि कार्यक्रम की शुरुआत शिव सागर शहर ने मां सरस्वती की वंदना से की। इलेक्ट्रानिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार सलमान आमिर ने नए वर्ष पर रचे हुए अपने कलाम से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर लिया। जन मंच के अध्यक्ष संघ शील झलक ने अपनी शायरी और अपने निराले अंदाज से सभा में अपनी छाप छोड़ी। डॉ सीमा मिश्रा ने बहू को बहू नहीं, बेटी समझा आपने, रचना पढ़कर श्रोताओं को सोचने के लिए विवश किया। कवि विजय सिंह ने लोकजीवन से जुड़ी रचनाओं को सुनाया जबकि कवयित्री किरन लता सिंह ने राजनीतिक विसंगति पर रचना सुनाई। दिलीप द्विवेदी ने डॉ राम नरेश मिश्र पर लिखी हुई रचना सुनाई जिससे उपस्थित जनमानस अभिभूत हो गया। बड़ी बात यह कि दिलीप द्विवेदी पुलिस विभाग में सेवा देते हुए अपने समय और समाज के प्रति सचेत रचनाकार हैं।

कवि विनय कांत मिश्र ने छंद और मुक्त छंद में अपने दोहे, सोरठे और कुंडलियों को सुनाया। वरिष्ठ कवि और मंच संचालन कर रहे नियाज कपिलवस्तुवी के अनोखे अंदाज ने एक एक रचनाकार और श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। उनकी कुशल मंच संचालन की विधा का अंदाज निराला है। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र पाल ने कहा कि एक शिक्षक को गुरु से प्रेरणा लेनी चाहिए। अच्छी शिक्षण पद्धति, विषय का गहन अध्ययन, ज्ञान और विद्यार्थियों को प्रेरित करने के मनोभावों से एक शिक्षक चिरकाल तक अजर और अमर हो जाते हैं। हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके अलावा ए आर पी ऐसोसियेशन के जिलाध्यक्ष हरिमोहन सिंह श्रेनेत ने डा राम नरेश मिश्र को एक कुशल मारदर्शक बतलाया। डॉ कुमार शिवम ने कहा कि जब भी मिला तो गुरु की सहजता ने हम सभी को अभिभूत किया। वरिष्ठ समाजसेवी राणा प्रताप सिंह ने कहा कि गुरु हम सभी के भीतर रचनात्मक ऊर्जा भर देते थे। उन्होंने सुझाव दिया कि एक स्मारिका गुरु पर निकाली जाए। सिंहेश्वरी इंटर कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता बृजेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि गुरु के कारण ही मैं प्रवक्ता बन सका। उनकी पढ़ाने की अद्भुत शैली के कारण ही गुरु शिष्यों के हृदय पर राज करते थे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजू सिंह ने कहा डॉ राम नरेश मिश्र को याद करते हुए कहा कि गुरु विद्वान के साथ ही साथ बलिष्ठ भी थे। लोगों के मददगार थे। अपने लोगों के छोटे से छोटे अथवा बड़े से बड़े कार्य के लिए वे शासन और प्रशासन में पैरवी कर देते थे। लोग उनका सम्मान करते थे और उनकी बात मानते भी थे। वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कांत मिश्र, तिलक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ धर्मेंद्र मिश्र, कर्मचारी नेता राम करन गुप्ता, विदुषी वत्स, कार्तिकेय शंकर, सुख मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने दबिश देकर अवैध कच्ची शराब पकड़ी

हरदोई।जनपद में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर के नेतृत्व में थाना बेनीगंज के ग्राम कोरोकलां थाना शाहाबाद के ग्राम खेड़ा बीबीजई, काशीराम कालोनी थाना सवायजपुर के ग्राम खितौली मे आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दबिश की कार्रवाई की गई। दबिश के दौरान सघन तलाशी में लगभग 145 लीटर कच्ची शराब एवं लगभग 250 किलोग्राम लहन बरामद हुई ,शराब को कब्जे में लेते हुए लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया । आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओ मे 06 अभियोग संबंधित थाना मे पंजीकृत किए गया।

## सम्पादकीय

**उन्होंने कहा कि वे भगवान राम से प्रार्थना करेंगे कि वे राहुल को आशीर्वाद दें कि उनकी यात्रा सफल हो। चंपत राय ने राहुल की यात्रा को देशहित में बताया। सोचें, एक तरफ राहुल गांधी लगाकार राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ पर हमले कर रहे हैं लेकिन दूसरी ओर संघ के बड़े नेता ने उनका समर्थन किया। दूसरे, भारतीय जनता पार्टी ...**

# यूपी में राहुल की यात्रा से हलचल

उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 48 घंटे से थोड़ा ज्यादा समय रही और उसके बाद हरियाणा में प्रवेश कर गई। तीन जनवरी की शाम को राहुल की यात्रा गाजियाबाद पहुंची थी और पांच जनवरी की शाम को हरियाणा पहुंच गई। लेकिन इन 48 घंटों में जितनी हलचल हुई और जितने तरह के राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं वैसा पूरे चार महीने की यात्रा में नहीं हुआ। किसी को अंदाजा नहीं था कि राहुल देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की सीमा को छूकर निकलेंगे और इतनी हलचल मच जाएगी। उत्तर प्रदेश के 75 जिले हैं, जिनमें से सिर्फ तीन जिलों में राहुल की यात्रा गई और 403 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 11 क्षेत्रों से गुजरी है।



लेकिन इतने भर से राहुल की यात्रा को पूरा महत्व मिला है और कांग्रेस नेता उम्मीद कर रहे हैं कि इसका मैसेज पूरे प्रदेश में जाएगा। प्रदेश की दोनों विपक्षी पार्टियों– सपा और बसपा ने कांग्रेस के न्योते पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। हालांकि दोनों पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल नहीं हुए लेकिन अखिलेश यादव और मायावती दोनों ने यात्रा के उद्देश्य की तारीफ की और शुभकामना दी। राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी सहयोगी सपा से अलग न सिर्फ शुभकामना संदेश दिया, बल्कि उसके नेता और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन के नेता और कार्यकर्ता भी राहुल के साथ यात्रा में जुड़े। ध्यान रहे राहुल और कांग्रेस पार्टी दोनों ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया था। उसके बाद पहली बार राहुल किसान आंदोलन का केंद्र रहे क्षेत्र से गुजरे, जहां किसानों ने उनका स्वागत और समर्थन किया। कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे हैरान करने वाला घटनाक्रम यह रहा है कि दो बड़े हिंदुवादी शख्सियतों ने उनकी यात्रा का समर्थन किया और उनको शुभकामना दी। पहले राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास ने चिट्ठी लिख कर राहुल की यात्रा का समर्थन किया और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामना दी। उसके बाद विश्व हिंदू परिषद के बड़े नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल गांधी का समर्थन किया और शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि वे भगवान राम से प्रार्थना करेंगे कि वे राहुल को आशीर्वाद दें कि उनकी यात्रा सफल हो। चंपत राय ने राहुल की यात्रा को देशहित में बताया। सोचें, एक तरफ राहुल गांधी लगाकार राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ पर हमले कर रहे हैं लेकिन दूसरी ओर संघ के बड़े नेता ने उनका समर्थन किया। दूसरे, भारतीय जनता पार्टी के नेता सवाल उठा रहे हैं कि देश टूटा कहा हैं, जो राहुल गांधी देश जोडने की यात्रा कर रहे हैं। लेकिन आरएसएस और विहिप के बड़े पदाधिकारी ने उनकी भारत जोड़ो यात्रा को देशहित में बताया और प्रेम व सद्भाव के लिए जरूरी बताया। जाहिर है आखिरी चरण तक आते आते राहुल गांधी की यात्रा असर छोडने लगी है।

# नोटबंदी पर अपेक्षित फैसला

इस निर्णय से विपक्षी समूहों को यह सबक लेना चाहिए कि हर चीज को न्यायपालिका के दायरे में ले जाना सही रणनीति नहीं है। अगर ऐसा कभी रहा भी हो, तो आज के संदर्भ में इसका उलटा परिणाम ही होता है। नरेंद्र मोदी सरकार के नोटबंदी के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने वही निर्णय दिया, जिसकी अपेक्षा थी। इस निर्णय से विपक्षी समूहों को यह सबक लेना चाहिए कि हर चीज को न्यायपालिका के दायरे में ले जाना सही रणनीति नहीं है। अगर ऐसा कभी रहा भी हो, तो आज के संदर्भ में इसका उलटा परिणाम ही होता है। जिस समय न्यायपालिका को रोज उसका दायरा बताने का अभियान चल रहा हो, सुप्रीम या किसी अन्य कोर्ट से कोई लैंडमार्क जजमेंट की अपेक्षा निराधार है। वैसे भी न्यायपालिका के पास विचारणीय मुद्दा सिर्फ यह था कि क्या वो फैसला कानून की कसौटी पर खरा उतरता है। पांच में चार जजों ने माना कि वो निर्णय कानून के अनुरूप था। जिस एक जज ने कहा कि वह फैसला लेते वक्त कानून की उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया, उन्होंने भी यह राय जताई कि इस कदम के पीछे नीयत अच्छी थी। इस तरह सत्ता पक्ष को एक ऐसा नैतिक तर्क मिल गया, जिससे वह नोटबंदी पर सवाल उठाने वाली आवाजों की वैधता को संदिग्ध बनाने का प्रयास करेगा। दरअसल, नोटबंदी का निर्णय किस मकसद और किस नीयत से लिया गया, इसे जांचने–परखने का कोई साक्ष्य मौजूद होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। ऐसे में इस फैसले को परखने का पैमाना सिर्फ यह रह जाता हैं कि उसके घोषित मकसद किस हद तक हासिल हुए और उसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या परिणाम हुए। इन दो बिंदुओं पर नोटबंदी की विफलता और उसके विनाशकारी प्रभाव इतने जग–जाहिर हैं कि उस पर सत्ता पक्ष अक्सर चुप्पी साधने में ही अपनी भलाई समझता है। इस तरह अब तक की बहस में वह बचाव की मुद्रा में था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फैसले ने उसे हमलावर होने का मौका दिया है। इसीलिए राजनीतिक दायरे की लड़ाई को न्यायिक दायरे में लडने के औचित्य पर अब विचार किए जाने की जरूरत है। यह गौर करने की बात है कि नोटबंदी को पलटना अब संभव नहीं है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट से इस बारे में किसी राहत की उम्मीद नहीं थी। याचिकाओं के पीछे मकसद सिर्फ सरकार कानूनी तर्क से घेरने का था। लेकिन यह दांव उलटा पड़ा है।

# कॉलेजियम सिस्टम पर बहस

**ऐसे ही कई मामले हैं जहां केन्द्र ने ज्यादा हीलाहवाली न करते हुए कॉलेजियम की सिफारिशों को कुछ दिनों के भीतर ही मंजूर कर लिया । मुद्दा बेशक केन्द्र और सुप्रीम कोर्ट के क्षेत्राधिकारों का हो किन्तु इसमें पिस आम लोग रहे हैं जिन्हें शीघ्र न्याय की दरकार है । न्याय मिलने में देरी न्याय नहीं मिलने के समान है । इस न्यायिक सि)ान्त की खुलेआम...**

अजय दीक्षित

हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ समय से टकराव गहराता दिख रहा है, खघस तौर पर केन्द्रीय कानून मंत्री के उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कॉलेजियम सिस्टम को लेकर गंभीर सवाल उठाये हैं । कॉलेजियम सिस्टम वह प्रक्रिया है जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति और तबादले किये जाते हैं । ताजा बहस तब शुरू हुई जब 25 नवम्बर को केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जजों की नियुक्ति करने की पूरी प्रक्रिया को ही संविधान से परे या एलियन बता दिया । केन्द्रीय कानून मंत्री ने याद दिलाने की कोशिश की कि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी समझ और कोर्ट के ही आदेशों को आधार बनाते हुए कॉलेजियम बनाया है। केन्द्रीय कानून मंत्री की यह बात दुरुस्त है कि संविधान में कॉलेजियम का कहीं जिक्र नहीं है । कॉलेजियम भारत के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जजों का एक समूह है। ये पांच लोग मिलकर तय करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में कौन जज होगा । ये नियुक्तियां हाईकोर्ट से की जाती हैं और सीधे तौर पर भी किसी अनुभवी वकील को भी हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया जा सकता है। हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति भी कॉलेजियम की सलाह से होती है जिसमें



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और राज्य के राज्यपाल शामिल होते हैं । कॉलेजियम बहुत पुराना सिस्टम नहीं है और इसके अस्तित्व में आने के लिए सुप्रीम कोर्ट के तीन फैसले जिम्मेदार हैं जिन्हें जजेस केस के नाम से जाना जाता है । सरकार और न्यायपालिका के बीच तनातनी की शुरुआत साल 2014 से हुई। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब देश में एनडीए सरकार बनी तो केंद्र सरकार साल 2014 में ही संविधान में 99वां संशोधन करके नेशनल ज्यूडिशियल अप्वाइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) अधिनियम लेकर आई। इसमें सरकार ने कहा कि चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट–हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की जगह अब एनजेएसी के प्रावधानों के तहत काम हो । अक्टूबर 2015 को सुप्रीम कोर्ट ने इस नेशनल ज्युडिशियल अप्वाइंटमेंट्स कमीशन अधिनियम को संविधान के आधारभूत ढांचे से छेड़छाड़ बताते हुए रद्द कर दिया । कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में संविधान में न्यायपालिका और चीफ जस्टिस की राय को तरजीह देने की बात कही गई है और सरकार का इस तरह का दखल संविधान की मूल भावना के खिलाफ है । न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर उच्चतम न्यायालय कालेजियम और सरकार के बीच गतिरोध को देखते हुए संसद की एक समिति ने कहा है कि वह केन्द्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग की टिप्पणियों से सहमत नहीं है कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्तियों का समय इंगित नहीं किया जा सकता । समिति ने कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनों में उन समय सीमाओं का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे रिक्तियों को भरने में देरी हो रही है । कॉलेजियम की सिफारिशों पर अमल के लिए डेड लाईन न होने की वजह से सिफारिशों को लागू करने में कई बार देरी होती है तो कई बार केंद्र गजब की तेजी से उन पर अपनी सहमति देकर वापस लौटा देता है । कॉलेजियम की जिस सिफारिश पर केंद्र ने सबसे ज्यादा देरी से अमल किया वो जस्टिस केएम जोसेफ को लेकर है। कॉलेजियम की सिफारिश के तकरीबन सात माह बाद उनकी नियुक्ति पर केन्द्र ने मुहर लगाई थी । जस्टिस इन्दू महरोत्रा के साथ उनके नाम की सिफफरिश 11 जनवरी 2018 को की गई थी । लेकिन इन्दू महरोत्रा की फाईल तो तुरंत अप्रूव हो गई अलबत्ता जोसेफ को नियुक्ति के लिए तकरीबन सात माह तक इंतजार करना पड़ा । केन्द्र की तरफ से अप्रैल में उनकी फाईल वापस लौटा दी गई थी । लेकिन जब बार ने तीखा विरोधा जताया तो जुलाई में उनकी फाईल पर केंद्र ने मुहर लगाई थी । इसी तरह जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जेबी परदीवाला के लिए भी कॉलेजियम की फाईल दो दिनों में ही मंजूर कर ली गई । कॉलेजियम ने 26 अगस्त 2021 को सबसे ज्यादा नौ नियुक्तियों की सिफारिश की थी। इन मामलों को नौ दिनों में ही मंजूर कर लिया गया । ऐसे ही कई मामले हैं जहां केन्द्र ने ज्यादा हीलाहवाली न करते हुए कॉलेजियम की सिफारिशों को कुछ दिनों के भीतर ही मंजूर कर लिया । मुद्दा बेशक केन्द्र और सुप्रीम कोर्ट के क्षेत्राधिकारों का हो किन्तु इसमें पिस आम लोग रहे हैं जिन्हें शीघ्र न्याय की दरकार है । न्याय मिलने में देरी न्याय नहीं मिलने के समान है । इस न्यायिक सिद्धान्त की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं । केंद्र सरकार अपनी हठधर्मिता पर कायम है कि न्यायधीशों की नियुक्ति उसके बनाए कानून से हो, उधर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम प्रणाली से नियुक्ति पर अड़ा हुआ है । देश के दो प्रमुख संवैधानिक स्तम्भों में खुलेआम चल रही रस्साकशी का खामियाजा फरियादियों को भुगतना पड़ रहा है ।

# कद के अनुरूप कार्य

**लाखों की संख्या में नई पीढ़ी को घर के बड़े माता–पिता ही नहीं घर के बड़े बुजुगरे का सम्मान करने, उनके साथ भावनात्मक रूप से जुडने को प्रेरित किया है। जब मोदी मां का पैर धो कर उससे चरणामृत की तरह आंखों में लगा रहे थे तो क्या विरोधियों की तरह आम लोगों ने उसे नाटक माना ? सच तो यह है कि इसे देखकर लाखों लोगों की हिचक दूर हुई। उन्हें लगा कि प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं ...**

अवधेश कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन सौ वर्ष की भरपूर जिंदगी जी कर विदा हुई हैं। इस कारण उनका जाना शोक में विह्वल होने का कारण नहीं हो सकता।

बावजूद प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह कितनी बड़ी क्षति है। इसका अनुमान वही लगा सकते हैं, जिनका अपना निजी परिवार नहीं हो। ऐसा व्यक्तिचाहे जितना बड़ा हो मां के चले जाने के बाद उसके सामने स्पष्ट हो जाता है कि अब उसका अपना कोई नहीं।

गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक मोदी के मां के साथ समय बिताने पर दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि दोनों के बीच कितना गहरा लगाव था। भले मोदी जी के आंखों से आंसू टपकते नहीं दिखे हो पर अंतर्मन की वेदना कोई महसूस कर सकता है। हालांकि अपने चरित्र और संगठन के संस्कार के अनुरूप उन्होंने व्यवहार में इस वेदना को हावी नहीं होने दिया। बतौर प्रधानमंत्री अपने सारे कार्यक्रम पूर्ववत रखे। वह चाहते तो आसानी से कार्यक्रमों को टाल सकते थे। इस पर कोई टीका–टिप्पणी भी नहीं होती और अस्वाभाविक भी नहीं माना जाता, लेकिन नेता की पहचान ऐसे ही समय होती है। एक ओर मां की चिता को अग्नि देना और दूसरी ओर वर्चुअल तरीके से रेल को हरी झंडी दिखाने के साथ परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास। इस भूमिका ने प्रधानमंत्री के कद को और ज्यादा उठाया है।

वास्तव में मां हीराबेन के अस्पताल में भर्ती होने, मृत्यु, अंतिम संस्कार, मुखाग्नि से लेकर सरकारी कार्यक्रमों में भागीदारी में प्रधानमंत्री मोदी ने असीम संतुलन का परिचय दिया है। एक ओर पुत्र के रूप में मातृ ऋण से मुक्ति की पूरी अंतिम क्रिया और दूसरी ओर देश के प्रति दायित्व का संपूर्ण निर्वहन। जब हीराबेन मोदी की मृत्यु की खबर आई तो हमारे आपके मन में धारणा यही थी कि बड़े तामझाम और भारी भीड़ में शव यात्रा निकलेगी, देश के नेताओं की लंबी कतार वहां श्रद्धांजलि के लिए होगी आदि आदि। किंतु पहले मोदी जी ने सब को संदेश दिया कि अपने अपने यहां रहे और सारे तय कार्यक्रमों को अंजाम दें। उन्हें इसका आभास था कि इतना संदेश देने के बावजूद अगर अंतिम क्रिया जल्दी न की गई तब भी काफी बड़ी संख्या में लोग आ जाएंगे। 3रू30 बजे भोर में मृत्यु की सूचना मिली और प्रधानमंत्री 7रू30 में पहुंचे तथा परिवार एवं रिश्तेदारों की सीमित मंडली में अंतिम संस्कार किया। उच्च पदों पर कायम दूसरे नेताओं और शीर्ष व्यक्तित्व के लिए भी यह उदाहरण है।

वर्तमान राजनीति में शीर्ष पदों पर बैठे लोगों में ऐसे उदाहरण कम ही होंगे जब अपने माता–पिता या निकटतम संबंधी की अंतिम क्रिया को इतने सरल साधारण ढंग से पूरा किया गया हो। ऐसा शायद ही कोई व्यक्ति हो जिसका अपनी मां के साथ गहरा लगाव न हो। इस मायने में हम कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी का यदि अपनी मां के साथ इतना लगाव था तो इसमें विशेष कुछ भी नहीं। नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे। जाहिर है, उन्होंने परिवार का परित्याग किया और अघोषित रूप से प्रचारक संन्यस्त जीवन जीता है। वह भगवाधारी संन्यासी नहीं होता, लेकिन भाव यही रहता है कि संपूर्ण जीवन देश के लिए है जिसमें परिवार के उतना ही स्थान है जितना अन्य परिवारों के लिए। इस प्रकार के जीवन को निकट से देखने वाले लोग समझ सकते हैं की मोदी जी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए मां के साथ संबंधों का जिस तरह निर्वहन किया वह सामान्य बात नहीं है।

प्रधानमंत्री को मां के बीमार पडने की जैसे सूचना मिली वह स्वयं भागे–भागे अस्पताल पहुंचे। वे नहीं भी जा सकते थे और दिल्ली से ही सारी जानकारी लेकर व्यवस्था कर सकते थे। आजकल ऐसा ही आमतौर पर किया जाता है। किंतु वहां जाकर उन्होंने जो संदेश दिया उसका लाखों लोगों के मन पर लंबे समय तक असर रहेगा और वह भी उन परिस्थितियों में ऐसा ही करेंगे। देश और समाज का काम करने वाले लोग भी ऐसा ही मानते हैं कि उनकी कोई दूसरी जिम्मेवारी नहीं लिस्ट ऑफ मोदी ने अपने व्यवहार से इस सोच को बदलने में भूमिका निभाई है। कहा गया है श्नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृसमा गतिरू। नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रपा।।य अर्थात मां के जैसा ना कोई छाया दे सकता है, न ही कोई आश्रय ही दे सकता है और मां के समान न ही कोई हमें सुरक्षा दे सकता है। मां इस पूरे ब्रह्मांड में जीवनदायिनी है और उसके जैसा कोई दूसरा नहीं है।य

मोदी ने बिना कुछ बोले देश में मां के इस सम्मान को नये सिरे से प्रतिस्थापित करने कोशिश की। जब मोदी ने श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओय का आह्वान किया और बेटियों के साथ तस्वीरें शेयर करने की अपील की तब भी बड़ी आलोचना हुई। किंतु समाज में बेटियों के महत्त्व को नये सिरे से स्वीकारने में उस अभियान की बड़ी भूमिका रही है। कहा गया है कि अगर स्त्री न हो तो सृष्टि की रचना ही संभव नहीं होती। ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी सृष्टि की रचना नहीं कर सकते थे। किंतु यह कहावत पुस्तकों में सिमटी और हमारे समाज में स्त्रियां महत्त्वहीन होतीं गई। हमने देखा है कि माता–पिता को महत्त्व न दिए जाने के कारण भारत की परिवार परंपरा ध्वस्त हुई और इसका भयानक असर हुआ है। केवल कहने भर से कि संयुक्त परिवार की ओर लौटें यह संभव नहीं हो सकता। मां का अगर घर में सम्मान है तो नई पीढ़ी उसे देखकर अपने घर के बड़े बुजुगरे, मां–बाप, दादा–दादी सबका सम्मान करने लगती है। कारण, उन्होंने यही देखा। यह भाव धीरे–धीरे परिवारों से खत्म हो रहा था, इसलिए आने वाली पीढ़ी का भी अपने माता–पिता, दादा–दादी के साथ जुड़ाव नहीं होता था।

आठ वर्षो में नरेन्द्र मोदी ने मां के साथ व्यवहार की जो तस्वीरें हमारे सामने रखी उन्होंने सामूहिक रूप से भारत का मानस बदला है। लाखों की संख्या में नई पीढ़ी को घर के बड़े माता–पिता ही नहीं घर के बड़े बुजुगरे का सम्मान करने, उनके साथ भावनात्मक रूप से जुडने को प्रेरित किया है।

जब मोदी मां का पैर धो कर उससे चरणामृत की तरह आंखों में लगा रहे थे तो क्या विरोधियों की तरह आम लोगों ने उसे नाटक माना? सच तो यह है कि इसे देखकर लाखों लोगों की हिचक दूर हुई। उन्हें लगा कि प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं उसे हमें भी करना चाहिए। हजारों शब्दो से बड़ा एक आचरण होता है। मां के संदर्भ में मोदी ने यही उदाहरण प्रस्तुत किया।



# स्मार्ट फोन का सदुपयोग करें तभी योजना का उद्देश्य पूरा होगा: राकेश राठौर गुरू

## स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

मिश्रित (सीतापुर) । महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि पर कस्बा निश्रित के स्टेशन रोड पर स्थित स्व. यशोदा पीजी कालेज में आज स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर विकास राज्य मंत्री व विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय विधायक का विद्यालय प्रवंधक व्दारा माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने विद्यालय में पढ़ने वाली 138 छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। बीते समय प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्किल इंडिया के तहत छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन देने की घोषणा की थी। जिसके तहत कस्बा मिश्रित के स्व. यशोदा पीजी कालेज के हाल में आयोजित समार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव और उपजिलाधिकारी अनिल कुमार, सीओ सुशील कुमार यादव ने 138 छात्राओं को स्मार्ट बितरित किया। इस दौरान उन्होंने सभी छात्राओं से अपील की कि वह इस स्मार्ट फोन का सदुपयोग करें। तभी इस स्मार्ट फोन और सरकारी योजना का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक व्दारा सभी पत्रकारों को अंग वस्त्र व डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीजी कालेज केयर टेकर प्रमोद वैश्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष भास्कर मिश्र, मनोज पांडेय, वरिष्ठ कवि एवं पत्रकार जगजीवन मिश्र, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र नंद के साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाऐं उपस्थित रही। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम समापन के बाद राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की संख्या कम मिली। जिसे पूरी करने की हिदायत दी तथा प्रति दिन साफ सफाई कराने के निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इस समय मिश्रित नैमिषारण्य का सौन्दरीकरण कार्य चल रहा है। जिससे प्रति दिन वीआइपी लोगों का आना जाना बना रहता है। उनको कोई असुविधा न होने पाये।

# जलभराव की समस्या से मोहल्ले वालों में उपजा आक्रोश

सीतापुर। मोहल्ला मुंशीगंज निवासियों ने बंधन मैरिज लॉन के सामने वाली सड़क पर नालियों का पानी लगभग साल भर से सड़कों पर भरा रहता है। जबकि जिलाधिकारी के द्वारा 16 सितंबर को उक्त मोहल्ले का निरीक्षण किया गया था एवं उस दौरान जलभराव की समस्या के निदान हेतु दोनों तरफ नाली निर्माण के आदेश प्रदान किए गए थे। जिसके क्रम में नगर पालिका के द्वारा सड़क के एक तरफ ही नाली का निर्माण कराया गया। समस्या को पूर्ण रूप से निदान हेतु दूसरी तरफ भी नाली का निर्माण व सड़क को ऊंचा कराना आवश्यक है की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों में जबरदस्त आक्रोश दिखाई दिया। मोहल्ले की जलभराव समस्याओं को लेकर मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। मोहल्लेवासियों ने बताया कि नगर पालिका के द्वारा जो नवनिर्मित नाली का निर्माण कराया गया है। वह भी मानक विहीन है एवं ढलान सही नहीं बनाया गया। दूसरी तरफ की नाली को मोहल्ले के राकेश बाजपेई व अन्य के द्वारा अपने घर के सामने मिट्टी से पाट रखा गया है। सफाई के दौरान खोलने में व्यवधान उत्पन्न करते हैं। इस संबंध में मोहल्लेवासियों ने नगरपालिका को कई बार तथा 3 दिसंबर 2022 को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है।

परंतु व्यवधान के कारण पूर्ण रूप से सफाई नहीं हो पा रही है। ना ही उक्त समस्या का समाधान किया जा रहा है। समस्या के निदान हेतु मुख्य मार्ग पर बने नाले तक नाली की सफाई कर खोले जाने की मांग की। मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से उक्त समस्या के निदान हेतु नालियों को खोलने सफाई कराने तथा सड़क के दूसरी तरफ नाली निर्माण हुआ। सड़क को ऊंचा करके निर्माण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर मुंशीगंज मोहल्ले के संदीप, प्रवीण सिंह, अजीत कुमार वर्मा, रामप्रसाद, प्रभु राम मिश्रा, इंद्रपाल, प्रशांत, रूद्र, प्रमोद कुमार अवस्थी, किरण मिश्रा, मुन्नालाल, अमित सिंह भदौरिया, सर्वेश कुमार सिंह, नरेश सिंह, बद्री पाल, मनोज वर्मा, गंगाराम, चंद्र किशोर, कमल किशोर, उदय वर्मा, प्रवीण आदि मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

## प्रभारी निरीक्षक को दिया शिकायती पत्र

मिश्रित (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर रेवरी निवासी निवासी धर्मेंद्र पुत्र नन्हे ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है 2 जनवरी को पीड़ित के पुत्र पिता नन्हे पुत्र फकीरे उम्र 45 वर्ष को ग्राम गोपलापुर निवासी अफजल पुत्र बाबू काम करने हेतु घर से बुला ले गए थे अपनी साइकिल से लेकर जा रहे थे। तभी ग्राम अमजदपुर के पास ग्रामीणों से सूचना मिली। उसके पिता का किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गए हैं। वह गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था। परंतु वहां के चिकित्सकों ने हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ का रेफर कर दिया था। जहां पर उनका इलाज चल रहा था। 5 जनवरी को सुबह करीब 7 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया है। परंतु अफजल पीड़ित को बिना कोई सूचना दिए ही अपने घर चला गया। राहगीरों के माध्यम से उसे सूचना मिली। इसलिए पीड़ित शिकायतकर्ता ने मामले का शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# जिले की सांस्कृतिक विरासत को संजोने–संवारने व पर्यटन को बढ़ावा देने पर हुआ मंथन

## जिलाधिकारी ने ली जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक

सीतापुर। शासन के निर्देश पर जनपद की सांस्कृतिक विरासत को संजोने व संवारने, परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्वन तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर गठित जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की पहली बैठक सम्पन्न हुई। जिले में पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन हो चुका है। जिसकी पहली बैठक जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उन्होंने समिति के अन्य सदस्यों के साथ जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंथन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद सीतापुर की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोने व संवारने एवं जनपद में पर्यटन की संभावनाओं को खोजने के लिये सभी मिलजुल कर प्रयास करें।

उन्होनें कहा कि जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए उसी के अनुरूप पर्यटन विभाग कार्ययोजना बनाये। जिलाधिकारी ने कहा कि 03 व 04 फरवरी को रामायण कान्क्लेव कार्यक्रम का आयोजन मिश्रिख–नैमिष में किया जायेगा। जिसमें प्रर्दशनी, चित्रकारी आदि की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि इको पर्यटन को विकसित करने हेतु गोमती नदी तट, अज्जैयपुर झील व अन्य ऐसे स्थल जहां सम्भव हो, इको पर्यटन हेतु विकसित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के ऐसे नागरिक जो सीतापुर के इतिहास, संस्कृति, पौराणिक स्थलों एवं प्राचीन मन्दिरों के विषय में विशेष जानकारी रखते हो। मीडिया से जुडे ऐसे लोग जो प्राचीन मन्दिरों, नैमिषारण्य से संबंधित डाक्यूमेंट्री बनाने में निपुण हो वे अपनी जानकारी, डाक्यूमेंट्री जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से साझा कर सकते है। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश चंद्र प्रजापति, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

पहला (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिधौली के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रामपुर कलां पुलिस टीम के उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह का 0 अमित यादव द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त महेश पुत्र लल्ला निवासी बनघुसरी थाना रामपुर कलां को 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 03 जनवरी धारा 25(1) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

## जन चौपाल की बैठक हुई संपन्न

साण्डा (सीतापुर)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विकास खण्ड सकरन की दो ग्राम पंचायतों में जन चौपाल की बैठक आयोजित की गई। बगहाढाक में बीडीओ रामलगन वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी सैलेंद्र दीक्षित के साथ पंचायत सहायक सुमन देवी रही। यहां पर दस शिकायतें आयी जिसमें पांच वृद्धा पेंशन, दो विधवा पेंशन व एक दिब्यांग पेंशन, दो राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें आयी। जिन समस्याओं को पंचायत सहायक सुमन देवी को ऑनलाइन कराने को दे दिया गया। वहीं दूसरी ग्राम पंचायत अदवारी में ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार पंचायत सहायक बंदिता सिंह, जीआरएस विनोद कुमार, आशा बहू, आंगनबाड़ी, कोटेदार आदि के द्वारा चौपाल लगाई गई। जहां पर मात्र पांच शिकायते आयी। जिसमें तीन राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने से सम्बन्धित दो विधवा पेंशन की समस्याएं आयी। अजीत कुमार द्वारा सम्बन्धित कर्मचारियों को समस्याओं को दूर कराने के निर्देश दिए गये। जन चौपाल में बीडीओ रामलगन वर्मा ने बताया कि अगर कोई आवास शौचालय आदि किसी भी सरकारी लाभ में रुपये की मांग करता है तो ब्लॉक मुख्यालय पर सूचित करें। रूपये मांगने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# योगी सरकार के लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया टीन सेट

## सर्दी के मौसम में गोवंश आज भी खुले में रहने के लिए मजबूर

साण्डा (सीतापुर)। ब्लाक सकरन की ग्राम पंचायत बगहाढाक में अस्थाई गौशाला निर्मित हैं। गौशाला में सरकार के लाखों रुपए खर्च कर गौशाला में नया टीन शेड बनवाया गया। टीन सेट तैयार होने के उपरांत ग्राम पंचायतों में किसानों की समस्याओं को देखते हुए ग्राम पंचायत लखनियापुर क्षेत्र के आवारा पशुओं संयुक्त खंड विकास अधिकारी रामलगन वर्मा द्वारा गौशाला में 50 गोवंश शिफ्ट करने हेतु डॉ मुकेश वर्मा को पत्र जारी किया और ग्राम प्रधान लखनियापुर पैकरमा मौर्य को क्षेत्र के 50 गोवंश पकड़कर गौशाला पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। ग्राम प्रधान पैकरमा व किसान ट्राली से 3 जनवरी को 50 आवारा पशु गौशाला में शिफ्ट करने हेतु लेकर गये। लेकिन ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा उनको वापस कर दिया गया। जबकि सरकार के लाखों रुपये खर्चकर तैयार किया गया टीन सेट खाली पड़ा हुआ है। सर्दी के मौसम में गोवंश खुले में रहने के लिए मजबूर हैं लेकिन ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र दीक्षित व ग्राम प्रधान पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता हैं। इस प्रकरण के संबंध में प्रभारी वीडियो चंद्रभान सिंह को अवगत करा दिया गया। वीडियो साहब इस प्रकरण पर संज्ञान लेकर क्या कार्यवाही करते हैं यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

# कुम्हारी कला से जुड़े 10 परिवारों को तालाब से मिट्टी निकालने के लिए पट्टों का किया जाएगा वितरण

हरदोई।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश पर शासन की मंशा को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से एसडीएम सदर स्वाति शुक्ला ने एक बार फिर सराहनीय प्रयास करते हुए कुम्हार परिवारों से जुड़े खंजनपुरवा मोहल्ले के रहने वाले 10 परिवारों को कुम्हारी कला के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने तथा ससम्मान जीवन यापन करने के उद्देश्य से तालाब से निःशुल्क मिट्टी निकाल कर कुम्हारी कला को बढ़ावा देने के लिए 1 सप्ताह के अंदर पट्टे का वितरण किया जाएगा। तहसील सदर के मोहल्ला खजनपुरवा में कुम्हार परिवार से जुड़े 10 परिवारों से मिलकर उनसे बात की तथा हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर एसडीएम सदर श्रीमती शुक्ला ने सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए सभी को एक–एक कंबल भी वितरित किया। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर उनकी हर समस्या का समाधान समय से किया जाएगा तथा कुम्हारी कला को बढ़ावा देने के लिए उनको निःशुल्क मिट्टी निकालने के लिए 1 सप्ताह के अंदर कागजी कार्यवाही पूरी करके पट्टे का वितरण कर दिया जाएगा। जिससे वे लोग अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कुम्हारी कला से जुड़े अन्य परिवार के लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है।उनको भी जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सकेगा।

कुम्हार परिवार के जिन 10 लोगों को निःशुल्क पट्टे का वितरण का लाभ मिलेगा, उसमें प्रमुख रूप से हरिराम, विष्णु कुमार, जगदीश, रतनलाल, लालता प्रसाद, राजकुमार, गरीबे, मुकेश कुमार, राकेश कुमार व महेंद्र शामिल हैं।

# कोतवाली में 26 गाड़ियों की हुई नीलामी

## एक लाख ग्यारह हजार पांच सौ रूपये मिले राजस्व

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना



परिसर में पड़ी वाहनों की नीलामी प्रक्रिया के लिए टेंडरिंग करा सफाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत कोतवाली में शुक्रवार को नीलामी प्रक्रिया की गई। नीलामी अधिकारी उप जिला अधिकारी न्यायिक संत कुमार ने बोली की प्रक्रिया शुरू कराई। बोली के लिए कुल 67 लोगो ने दो दो लाख रूपये एडवांस जमा कराया। कुल सत्ताइस गाड़ियों की नीलामी होनी थी, लेकिन एक गाड़ी का मालिक आवेदन देकर स्वयं स्वामित्व हाशिल किया। छब्बीस गाड़ियों में पहले दो मोटरसाइकिल की नीलामी के लिए। बोली लगानी शुरू हुई प्रथम बोली आठ हजार दो सौ से शुरू हुई, दस हजार पांच सौ रूपये में राज ट्रेडर्स के नाम रही। शेष चौबीस गाड़ियों के नीलामी उन्न्यासी हजार पांच सौ रूपये से शुरू हुई, जो अंतिम बोली एक लाख एक हजार में राज ट्रेडर्स के नाम ही रही। बोली लगाने में कुल सात लोगो ने ही बोला। नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात सभी आवेदक के एडवांस जमा धनराशि को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने वापस किया गया। इस दौरान सीओ सदर अखिलेश वर्मा, नायब तहसीलदार बिंद्रेश कुमार, कोतवाल ज्ञानेंद्र राय, आर आई बृजेश कुमार, एस आई अशोक कुमार, किशोरी लाल, नंदलाल यादव, गौरव, सहित सभी क्षेत्रवासी वा बोली लगाने वाले मौजूद रहे।

# वर्मा इलेवन ने कपिलवस्तु क्रिकेट बसालतपुर की टीम को 79 रनों से हराया





■ भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

■ 42 रन और दो विकेट लेने वाले अमजद हुए मैन आफ द मैच

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को वर्मा इलेवन क्रिकेट क्लब बर्डपुर व कपिलवस्तु क्रिकेट क्लब बसालतपुर के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर बसालतपुर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जिसके पश्चात पहले बल्लेबाजी को उतरी वर्मा इलेवन ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर कुल 180 रन बनाए और बसालतपुर को जीत के 181रनों का विशाल लक्ष्य दिया। जिसके जबाब में 181 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बसालतपुर की टीम ने 14 ओवरों में मात्र 101 पर ही सिमट गई। जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले में बर्डपुर के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 180 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसके जवाब में बसालतपुर की को 101 रनों पर ढेर करके 79 रनों से मैच के जीत का खिताब हासिल कर लिया। मैच में सर्वाधिक 42 रन और दो विकेट लेने वाले खिलाड़ी अमजद को मैन आफ द मैच चुना गया। जिन्हे उपहार के तौर पर बल्ला भेंट किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान ई .सर्वेश जायसवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल उनके बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमता में वृद्धि का एक अनूठा आयाम है। खेल की भावना से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना का भी विकास होता है। आयोजक नितेश पाण्डेय, अध्यक्ष अमित उपाध्याय, कोषाध्यक्ष विनय वर्मा, उपाध्यक्ष अखिलेश जयसवाल, वीरेंद्र जयसवाल, विवेक गोस्वामी, महामंत्री जयराम यादव, मंत्री अबू शामा खान, अंपायर के तौर पर सोनू गोस्वामी, शिवकुमार यादव, कैमेंट्रेट के तौर पर संतोष उपाध्याय, अफसर व स्कोरर मोनू, अमरजीत, सहित अमित कुमार, अरुण जयसवाल, रजत तिवारी, वीरू यादव, प्रभाकर जयसवाल, आकाश जयसवाल, विशाल जयसवाल, नौशाद अहमद, शहजाद, अश्वनी गिरी, अमित गिरी, अनिल कुमार, राकेश कुमार सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# ईवीएम भंडारण कक्ष का डीएम ने किया आंतरिक निरीक्षण

सीतापुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट स्थित ई0वी0एम0 भण्डारण कक्ष का त्रैमासिक आन्तरिक निरीक्षण जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा सोमवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट भण्डारण हेतु आयोग के निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट के रख–रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ–सफाई, आग्निशमन यंत्रों, बिजली के खुले तारों एवं स्वीच बोर्ड को व्यवस्थित करने के के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

हरदोई।लोनार थाना क्षेत्र के कस्बा बावन के मुख्य बाजार में रात में कॉस्मेटिक की दुकान में आग लग गई। आग से दुकान के अंदर रखा सामान लाखों रुपए का जलकर राख हो गया। पुलिस ने पहुंचकर मौके का मुआयना किया। दुकान मालिक अभिषेक राठौर ने बताया कि शाम वह दुकान बंद करके घर चले गए, सुबह करीब 5रू00 फोन आया कि आपकी दुकान से धुआं निकल रहा है। जब हम पहुंचे तो देखा दुकान के अंदर आग लगी हुई थी।मोहल्ले के सभी लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया लेकिन फिर भी आग से दुकान के अंदर 80 फीसदी सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## दूसरे के प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा शिक्षक बर्खास्त

देवरिया। दूसरे जनपद के शिक्षक के शैक्षिक प्रमाणपत्रों के आधार पर छद्म नाम से पिछले 18 वर्ष से जनपद में नौकरी कर रहे शिक्षक की सेवा समाप्त कर दी गई। पिछले पांच वर्ष के अंदर जनपद से 67वें फर्जी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बीएसए ने बीईओ को आरोपी शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। गौरी बाजार क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय अकटहिया के सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार मिश्र पुत्र जनार्दन मिश्र के खिलाफ फर्जीवाड़े की जांच चल रही थी। बीएसए हरिश्चंद्र नाथ ने बताया कि जिले में तैनात यह शिक्षक सिद्धार्थनगर जनपद के प्राथमिक विद्यालय बभनी विकास खंड नौगढ़ के जितेंद्र कुमार मिश्र पुत्र जनार्दन मिश्र के शैक्षिक प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा था। इसके इंटरमीडिएट वर्ष 1984, अनुक्रमांक 280439 का सत्यापन कराया गया। उसमें शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर के प्रधानाचार्य की भेजी गई सूचना के अनुसार इस नाम के छात्र की पंजीकरण संख्या व स्थानांतरण प्रमाणपत्र में उसके पते की गलत होने की जानकारी मिली। बीईओ को केस दर्ज कराने के निर्देशः बीएसए ने बताया कि विभागीय जांच में भी इसकी पुष्टि हुई कि देवरिया जिले में तैनात शिक्षक ने अपना पता ग्राम–पोस्ट धनशा नारकार जनपद बस्ती दिया था। जबकि यह जगह सिद्धार्थनगर में है। सत्यापन प्रक्रिया में गौरी बाजार विकास खंड में तैनात शिक्षक के प्रमाणपत्र गलत ढंग से तैयार किए पाए गए हैं। संबंधित शिक्षक को विभागीय नियमों अनुसार कई बार अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। लेकिन वह अनुपस्थित ही रहे। इस आधार पर उन्हें सेवा से बाहर किया जाता है। संबंधित बीईओ को उनके खिलाफ केस दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## मारपीट और पथराव में चौकीदार समेत छह घायल

खुखुंदू। स्थानीय गांव में रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट और पथराव में एक चौकीदार समेत छह लोग घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन महिलाओं सहित छह को हिरासत में ले लिया। इसी प्रकरण को लेकर चार दिन पूर्व भी मारपीट हुई थी। हालांकि, पुलिस ने उस दिन दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। उधर, पुलिस ने दोनों पक्षों से तीन–तीन लोगों का शांति भंग में चालान किया है। खुखुंदू गांव निवासी चौकीदार मैनुद्दीन और इशराफील के बीच रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा है। सोमवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। मारपीट के बाद मामला थाने तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों की रजामंदी के बाद पुलिस ने समझौता कराया था। हालांकि, एक बार फिर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। इसके बाद मामला इस कदर बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। विवाद के दौरान काफी देर तक दोनों तरफ से पथराव भी होने की बात सामने आ रही है। इसमें चौकीदार मैनुद्दीन, हदीशा, समीउल्लाह और नूरजहां और दूसरे पक्ष से इशराफिल और आइशा घायल हुए हैं। विवाद में कुछ और लोगों के चोटिल होने की बात भी सामने आ रही है। उधर, चौकीदार ने एसपी संकल्प शर्मा से मिलकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देकर न्याय के लिए गुहार लगाई है। एसओ गोपाल प्रसाद राजभर ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट और पथराव हुआ था। दोनों पक्षों से तीन–तीन लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है। अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं पड़ी है।

## बीएमटी रेड टीम ने ब्लू को हरा कर जीता क्रिकेट मुकाबला

महराजगंज। स्टेडियम में खेल गए स्कूली खिलाड़ियों के क्रिकेट मुकाबले में बीएमटी रेड टीम ने बीएमटी ब्लू टीम को एक विकेट से हरा कर मुकाबला जीत लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले अश्जद को मैन आफ द मैच चुना गया। बीएमटी ब्लू टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में सभी विकेट खोकर 203 रन बनाए। टीम की ओर से निखिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 81 गेंद पर 103 रन बनाए। सहयोगी के रुप में आदित्य ने 20 रनों का योगदान दिया, वहीं बीएमटी रेड की ओर से कृष्णा ने तीन, अजय ने दो व अश्जद ने एक विकेट प्राप्त किया। जवाब में खेलने उतरी बीएमटी रेड टीम ने 28.2 ओवर में नौ विकेट खोकर विजय लक्ष्य हासिल कर लिया। रेड टीम की ओर से अश्जद ने 54 व अंचल ने 36 रन का योगदान दिया। बीएमटी ब्लू की ओर से निखिल ने तीन तथा करण व आदित्य ने दो–दो विकेट लिए। प्रशिक्षक अतुल मणि त्रिपाठी ने 54 रन बनाने वाले व एक विकेट लेने वाले अश्जद को मैन आफ द मैच का पुरस्कारदिया। इस दौरान रिजवान अहमद, अंशुमान पांडेय, मयंक साहनी, अजीत आदि मौजूद रहे।

## गतिशील खेती का गुर सीखने रवाना हुई महिलाएं

महराजगंज। आत्मा योजना के तहत जिले की 60 महिलाओं को प्रगतिशील खेती का गुर सिखाने के लिए भ्रमण पर भेजा गया है। वे आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज व राजकीय फल उत्कृष्टता केंद्र बस्ती में दस जनवरी तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी तथा खेती के दायरे को विकसित कर अपनी आय को बढ़ाने का प्रयास करेंगी। कलेक्ट्रेट परिसर से महिलाओं के दल को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए उप कृषि निदेशक रामशिष्ट ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने की दिशा में पहल की जा रही है। महिलाएं कुमारगंज (अयोध्या) में बेहतर खेती तथा बस्ती में बेहतर फल उत्पादन के लिए किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी प्राप्त करेंगी। वहां से लौटने के बाद स्थानीय स्तर पर उसे व्यापक रुप देने का कार्य करने के साथ ही अपनी आय को बढ़ाने की पहल करेंगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी हिमांचल सोनकर ने कहा कि भ्रमण कार्यक्रम से महिलाओं के आत्मविश्वास में भी बढ़ोत्तरी होगी। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि राजन मौर्य, हेमंत समेत कृषि विभाग के कर्मी व समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## साहित्यकारों ने कांस्य पदक विजेता रिया वर्मा को किया सम्मानित

कुशीनगर। जनपद के हाटा कस्बे में नगर की मेधावी बाक्सर व सीबीएसई बोर्ड के जोनल बाक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रिया वर्मा को साहित्यकारों ने सम्मानित किया। गौरतलब है कि हाटा नगर के निवासी चंद्रहास वर्मा की पुत्री रिया वर्मा पीजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कप्तानगंज में इण्टरमीडिएट की छात्रा है। बीते दिसंबर माह में पटना में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित जोनल बाक्सिंग प्रतियोगिता में आठ राज्यो की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इसमे हाटा नगर की बेटी रिया वर्मा ने 45–48किलो भार वजन में कांस्य पदक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया था।इसके पहले रिया दो गोल्ड मेडल भी जीत कर जनपद का मान राष्ट्रीय फलक पर बढ़ा चुकी हैं।हाटा के साहित्यकारों ने हाटा स्थित रिया के आवास पर पहुंचकर मेघावी बाक्सर रिया. को अंगवस्त्र और मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया। इस मौक पर कोच राजेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार ,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार से सम्मानित चंद्रेश्वर शर्मा परवाना, ए हमीद आरजू, विनोद पाण्डेय, शैलेंद्र पाण्डेय असीम, मधुसूदन मिश्र, सच्चिदानंद पाण्डेय, परमानंद मिश्र,मोहन पाण्डेय, भ्रमर, अक्षय कुमार गिरी, शिया वर्मा, लक्की वर्मा मौजूद रहे। रिया ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व बाबा रामकृपाल वर्मा सहित कोच राजेश कुमार गुप्ता को दिया।ध्इस दौरान चंदेश्वर शर्मा परवाना ने कहा कि बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने में अभिभावकों की भूमिका के साथ ही साथ समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि उन्हें हर तरह से प्रोत्साहित कर आगे बढ़ायें ताकि युवा शक्ति देश का नाम रोशन करे।

# सर्दी ने किया बेहाल, सांस और हृदय के मरीज बढ़े

देवरिया। ठंड से पूरा जनजीवन प्रभावित है। थोड़ी सी लापरवाही लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड में सांस और हृदय के मरीज बढ़ गए हैं। मेडिकल कॉलेज में इन बीमारियों से पीड़ित सौ से अधिक मरीज पहुंचे। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे मरीजों की जरा सी लापरवाही उनके लिए घातक साबित हो सकती है। मेडिकल कॉलेज में 85 सांस और 30 हृदय से संबंधित बीमारियों के मरीज पहुंचे।

ठंड से लोग घरों से नहीं निकल रहे हैं। थोड़ी सी चूक से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में कड़ाके की ठंड के कारण कम संख्या में मरीज पहुंचे, लेकिन मेडिसिन तथा चेस्ट व टीबी विभाग में मरीजों की भीड़ अन्य विभागों से अधिक रही। मेडिसिन में डॉ. विजय गुप्ता, सीनियर रेजिडेंट डॉ. केके सिंह, जूनियर रेजिडेंट उद्भव मिश्रा ने करीब 150 मरीजों का इलाज किया। इनमें तकरीबन 40 सांस, हृदय रोग से पीड़ित 30 मरीज रहे। इनमें हार्ट के चार मरीजों की हालत गंभीर देखकर उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया गया। पैरालासिस, गठिया, सिर व कमर दर्द के अलावा अन्य मरीज रहे।

वहीं, चेस्ट व टीबी विभाग में 85 मरीज इलाज कराने पहुंचे। इसमें सांस के 45, एलर्जी के 30 तथा क्षय रोग के 10 मरीज रहे। असिस्टेंट प्रो. डॉ. अनुराग शुक्ला, सीनियर रेजिडेंट डॉ. संदीप व जूनियर रेजिडेंट शशांक कुमार ने मरीजों का इलाज किया।

सजग रहे और बीपी, शुगर के मरीज नियमित ले दवाः मेडिसिन विभाग के डॉ. विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि ठंड में रक्तनलिकाएं सिकुड़ जाती हैं। रक्त का संचार कम होने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। इससे हार्ट, लकवा आदि की आशंका बढ़ जाती है। अचानक चक्कर आने, सिर दर्द, शरीर के किसी अंग के काम करना बंद करने, अंधेरा छाने, घबराहट, पसीना आने पर लापरवाही न बरतें। तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर दवा लें। बताया कि बीपी व शुगर के मरीज नियमित दवा लें और समय–समय पर जांच कराते रहें। ठंड से बचकर रहें। थोड़ी से लापरवाही से परेशानी हो सकती है। ठंड में सतर्क रहने की जरूरतः चेस्ट एवं टीबी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अनुराग शुक्ला ने बताया कि ठंड के मौसम में एलर्जी, अस्थमा व सांस के मरीजों को सतर्क रहने की जरूरत है। नाक से सांस लेनी चाहिए। मुंह से लेने पर ठंडी हवा अंदर जाती है और नली सिकुड़ जाती है। एलर्जी से सर्दी, जुकाम, आंख में खुजली, पानी आना, सिर दर्द होता है। अस्थमा के मरीजों को सांस फूलने लगता है। इस मौसम में सावधानी आवश्यक है। सांस के मरीजों को नियमित दवा लेने के साथ बचाव पर ध्यान देना चाहिए। ये बरतें सावधानीः बीपी, शुगर के मरीज समय पर दवा लें समय–समय पर जांच कराएं सिर व कान ढक कर रखें पौष्टिक आहार से सेवन करें बाजार की वस्तुएं व तले, भुने खाद्य पदार्थ का सेवन कम करें सांस के मरीज मास्क पहनें, हाथ धोकर खाना खाएं अचार, खटाई, चाय का सेवन न करें, फल खाएं टोपी, मोजा और गर्म कपड़ा पहन कर रहें ठंडी हवा, धूल और धुंए से बचने की कोशिश करें सुबह हल्का व्यायाम व योग करें

# डीएम हुए सख्त तो अफसर पहुंचे गो आश्रय स्थल

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से गो–आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर गोवंशों को ठंड से बचाव की व्यवस्था करने को कहा है। डीएम ने बताया कि जनपद के सभी गोआश्रय स्थलों में जरूरी सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएम की सख्ती के बाद सुबह एसडीएम सदर सौरभ सिंह ने पिपरा चन्द्रभान स्थित वृहत गो आश्रय स्थल एवं पिपरपाती स्थित निराश्रित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शीतलहर से बचाव के लिए दोनों गोआश्रय स्थलों पर तिरपाल लगाया गया है। सभी गोवंशों को काऊ कोट पहनाया गया था। उन्होंने गोवंशों की संख्या के अनुपात में सुबह–शाम अलाव जलाने के निर्देश दिए।

एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार ने मझौलीराज स्थित वृहत गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इसमें कुछ गोवंश बिना काऊ कोट के मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समस्त गोवंशों को काऊ कोट पहनाने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम ने बीमार गोवंशों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

सुबह–शाम अलाव जलाने का निर्देशः एसडीएम रुद्रपुर ध्रुव कुमार शुक्ला ने जिला पंचायत की ओर से संचालित नकइल स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मिली स्थिति में पर्याप्त सुधार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दिन में दो बार सुबह–शाम अलाव जलाने एवं सभी गोवंशों को काऊ कोट पहनाने के लिए निर्देशित किया। बीडीओ भागलपुर निरंकार मिश्रा ने परसिया चंदौर में कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार वैश्य ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में ठंड के दृष्टिगत समस्त गोआश्रय स्थलों पर विशेष एहतियात बरती जा रही है। समस्त गोआश्रय स्थलों पर रोस्टरवार चिकित्सक जा रहे हैं। यदि कहीं कोई गोवंश बीमार मिल रहा है तो उसका समुचित इलाज किया जा रहा।

## फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिशा स्पोर्ट्स क्लब पड़रौना विजयी

कुशीनगर। बाबू वंशराज सिंह स्मारक फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन फाइनल मैच, दिशा स्पोर्टिंग क्लब पडरौना कुशीनगर तथा टाउन क्लब बांसगांव गोरखपुर के बीच खेला गया। कड़ी टक्कर के बीच पडरौना टीम ट्राई ब्रेकर में विजय हासिल कर पाई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी रहे। खेल में हाफ तक कोई टीम गोल नहीं कर पाई थी।हाफ के बाद एक–एक गोल मार दोनों टीमें बराबर रही। निर्णायक समिति के निर्णय के क्रम में 5 मिनट का समय दिया गया, फिर भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। अंततः ट्राई ब्रेकर कराया गया जिसमें पडरौना की टीम ने 5 –4 से मुकाबला जीतअपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी ने संबोधन में कहा कि खेल में हार जीत का कोई स्थान नहीं है जो टीम आज हारी है कल जीतेगी खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर खेल भावना से खेल को खेलना चाहिए इसके पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा संस्थापक प्रबंधक मूर्ति पर माल्यार्पण व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को प्रारंभ कराया। उप विजेता व विजेता टीमों को नगद धनराशि सहित ट्राफी प्रदान की मुख्य अतिथि को विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन चंद्र भूषण सिंह व समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख कसया अलाउद्दीन अंसारी कृष्ण लाल तिवारी डॉक्टर अनवारूल अंसारी ,जमाल अहमद वारसी ,फ़ैयाज खान, शिव कुमार पांडेय, महेश मिश्रा ,सरोज कांत मिश्रा ,दिवाकर राव ,राज नारायण सिंह ,अशोक सिंह ,शशिभूषण मिश्रा , संजीव गुप्ता, प्रमोद उर्फ मुन्ना सिंह ,राघवेंद्र सिंह, मोती लाल चौधरी, शमशुल हक, आनंद मोहन सिंह, गेजी सिंह, अनूप लाल श्रीवास्तव ,रामनिवास ,नव नाथ दुबे, सरोज कांत मिश्र, रामप्रीत प्रसाद,राजेश मिश्रा ,अनिल कुमार मिश्रा, गौरव मिश्रा ,अर्जुन गुप्ता ,निसार खान, पंकज श्रीवास्तव ,अमरनाथ पटेल, त्रिलोकी शर्मा, बलराम यादव ,अनिल गुप्ता आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डीएम ने ठोस कचरा पृथक्कीकरण की व्यवस्था शुरू न होने पर ईओ पड़रौना से स्पष्टीकरण देने का दिया निर्देश

कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में नगर निकायों के समस्त अधिशासी अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक कर निकायों में कराए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, गीले और सूखे कूड़े का पृथक्करण, सोर्स एग्रीगेशन, अपशिष्ट पृथक्करण एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण, लैंडफिल डंपसाइट, कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था के संदर्भ में समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बताया कि सभी लंबित कार्यों को समय से पूर्ण कराएं। लंबित कार्यों का टेंडर फाइनल करें। पूरे जनपद के कचरा निस्तारण हेतु प्रयास किए जाएं।

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को और प्रभावी बनाया जाए। सरकार के मंशा अनुरूप हर घर से कूड़े का एकत्रीकरण हो। इसी क्रम में उन्होंने अधिशासी अधिकारी पडरौना को मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) जिसके तहत ठोस कचरे का पृथक्कीकरण किया जाता है। इस संदर्भ में कार्य शुरू नहीं करने पर स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया। डीएम ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रमुख चौराहों पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता का प्रसार हो। मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी को लगाया जाए। जिलाधिकारी ने ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाने हेतु सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्किंग हेतु स्थानों को चिन्हित करें। संबंधित उपजिलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पार्किंग हेतु जमीन को चिन्हित करें। उन्होंने यह भी कहा कि चौराहों और तिराहा को भव्य बनाया जाए। सौंदर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था भी की जाए। इस अवसर पर समस्त अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## स्नातक निर्वाचन 2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

कुशीनगर। जिला मजिस्ट्रेटध् जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन ने बताया कि गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र 2023 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जनपद में 06 जोनल मजिस्ट्रेट व 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संबंधित अधिकारी अपने समस्त दायित्वों का निर्वहन करते हुए शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्वाचन कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदाई होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने जोनल मजिस्ट्रेट व उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी(वि0ध्रा0) कुशीनगर तथा मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर से समन्वय बनाते हुए अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा उनके आवश्यक दिशा–निर्देश प्राप्त कर तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन निर्भीक, निष्पक्ष रुप से सकुशल संपन्न कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# सत्यम हॉस्पिटल 12 वीं पास संचालक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। अवैध रुप से संचालित सत्यम हॉस्पिटल मे ईलाज के दौरान हुई महिला की मृत्यु के आरोप में हॉस्पिटल संचालक 12वीं पास रंजीत निषाद को गिरफ्तार किया जो बिना प्रशिक्षण प्राप्त की हुई दाई व संचालक द्वारा अस्पताल को चलाया जा रहा था जो सत्यम नर्सिंग होम भटहट बासस्थान रोड के संचालक के विरुद्ध थाना गुलरिहा गोरखपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 14ध्23 धारा 304,419,420 भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल काउंसिल एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त हॉस्पिटल संचालक रंजीत निषाद पुत्र सुबाष निषाद निवासी जंगल जैनुल आबदीन उर्फ जैनपुर टोला सत्यनगर थाना गुलरिहा को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव अग्रवाल ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सत्यम हास्पिटल बांसस्थान रोड भटहट थाना गुलरिहा गोरखपुर लगभग कई वर्षों से अवैधा रुप से संचालित करते हुए संचालक रंजीत निषाद पुत्र सुबाष निषाद निवासी जंगल जैनुल आबदीन उर्फ जैनपुर टोला सत्यनगर थाना गुलरिहा गोरखपुर द्वारा बिना किसी वैध डिग्री के डाक्टरों का नाम सूची में अंकित कर, डाक्टर प्रिस्क्रिप्शन पैड पर मरीजो का दवा ईलाज कर उनके जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। होस्पिटल के संचालक रंजीत निषाद पुत्र सुबाष निषाद उपरोक्त के विरूद्ध दिनांक 05.01.2023 को सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 03.01.2023 को एक गर्भवती महिला का इलाज किये जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गयी थी उक्त सम्बन्ध मे तत्काल थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 14ध्23 धारा 304,419, 420 भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल काउंसिल एक्ट थाना गुलरिहा गोरखपुर बनाम संचालक रंजीत निषाद पंजीकृत किया गया एंव हास्पिटल के संचालक रंजीत निषाद पुत्र सुब्बाष निषाद उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने बताया कि उक्त हास्पिटल पूर्व मे दो बार– पहली बार चिराग हास्पिटल के नाम से व दूसरी बार प्रियांशु हास्पिटल के नाम से चल रहा था जिसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किया गया था, वर्तमान समय में यह हास्पिटल डा0 सुनील कुमार सरोज (एम0बी0बी0एस0) की डिग्री के आधार पर पंजीकृत कराकर संचालित किया जा रहा था। जांच मे यह भी तथ्य प्रकाश में आया है कि जिस डाक्टर के नाम पर यह हास्पिटल पंजीकृत है व जिन–जिन चिकित्सको के नाम प्रिस्क्रिप्शन पैड पर अंकित है उन सभी को विवेचक



हास्पिटल वर्तमान मे पंजीकृत है उसके द्वारा यहां पर कोई भी चिकित्सीय सेवा प्रदान नहीं की जा रही है, इसके अतिरिक्त जिन चिकित्सको के नाम हास्पिटल की प्रिस्क्रिप्शन पैड पर अंकित है वह भी अन्य जिलो मे निवास कर, प्रैक्टिस कर रहे है। पूछताछ में यह तथ्य भी प्रकाश में आया है कि हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन हेतु हॉस्पिटल मालिक द्वारा कुछ दलालो का भी सहयोग लिया गया है। एसएसपी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को इस घटनाक्रम की सूचना दिये जाने के उपरान्त पुनः इस हास्पिटल को सील कर दिया गया है। विवेचना के क्रम में जिस चिकित्सक के नाम पर यह द्वारा बयान हेतु नोटिस जारी किए गए है। इस सम्बन्ध मे मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर को भी अपने स्तर से इस हास्पिटल के पंजीकरण की प्रक्रिया की जांच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ विधिक अथवा विभागीय कार्यवाही करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। एसएसपी ने भविष्य मे इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम ना हो मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर को इस आशय से पत्र प्रेषित किया है कि जनपद मे पंजीकृत सभी हास्पिटल्स एवं चिकित्सालयध्डॉयग्नोस्टिक सेंटरध् पैथालॉजी सेन्टर इत्यादि की सूची को मीडिया के माध्यम से पब्लिक को सूचित किया जाए जिससे कि इस सूची के अतिरिक्त अवैध रुप से संचालित होने वाले सभी चिकित्सालयों की जानकारी हो सके और कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी जनपद गोरखपुर से अनुरोध किया जा रहा है कि जनपद मे संचालित होने वाले चिकित्सालयों के सम्बन्ध में एक संयुक्त टीम द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जाए जिससे यह प्रमाणित हो सके कि जिसके नाम पर उक्त चिकित्सालय पंजीकृत है उनके द्वारा ही वहां पर इलाज किया जा रहा है। आईएमए गोरखपुर को इस आशय से पत्र प्रेषित किया जा रहा है कि वह अपने माध्यम से उनके यहां पंजीकृत सभी डाक्टर्स की इस घटनाक्रम के सम्बन्धा मे सूचित गतिविधियो मे सम्मिलित न हों। अथवा जागरूक करते हुए यह सुनिश्चित करे कि कोई भी चिकित्सक इस तरह की अवैध इस सम्बन्ध मे निदेशक एम्स गोरखपुर व प्रधानाचार्य बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर से भी अनुरोध किया जा रहा है कि उनके यहां कार्यरत सभी चिकित्सकों व पास आउट हो रहे प्रशिक्षु डाक्टर्स को भी इस घटनाक्रम के सम्बन्ध मे सूचितध्जागरुक करते हुए सुनिश्चित करे कि कोई भी चिकित्सक इस तरह की अवैध गतिविधियो मे सम्मिलित न हों। मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर द्वारा जनपद मे पंजीकृत चिकित्सालयध् डॉयग्नोस्टिक सेंटर पैथालॉजी सेन्टर इत्यादि की सूची के सम्बन्ध मे अभिसूचना संकलित की जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा मानुष पारीक भी रहे मौजूद।

# जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## तहसील तुलसीपुर सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। शासन की मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के तीनों तहसीलों में संपन्न हुआ ।तहसील तुलसीपुर में जिलाधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनते हुये डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत लम्बित न रहे। शासन एवं जनपद स्तर पर निरंतर इसकी निगरानी की जा रही है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों का निस्तारण ससमय करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग, सार्वजनिक रास्ता आदि मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करें। सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने दें। संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में कुल .66 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 11 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। अन्य मामलों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण किया जायेगा। संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात् जिलाधिकारी द्वारा तहसील के सभी पटलों के राजस्व अभिलेखों व तहसील परिसर, तहसील में बने अमृत वन आदर्श नगर पंचायत पार्क का निरीक्षण किया गया तथा इस दौरान ठंड को देखते हुये आये दर्जनों फरियादियों को कंबल वितरण किया गया। शिकायत कर्ता अजय कुमार के साथ आये अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत गरीब परिवारों को 2500–2500 रुपए प्रतिमाह लाभ दिलाएं जाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस दौरान लेखपाल संघ अमित ने जिलाधिकारी को राजस्व अभिलेखों के प्रपत्र मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान एसपी राजेश कुमार सक्सेना, एसडीएम तुलसीपुर मंगलेष दूबे, तहसीलदार प्रमेश कुमार, सीएमओ डा0 सुशील कुमार, पीडी चन्द्र प्रकाश, सीओ कुॅवर प्रभात् सिंह, डीडीओ गिरीश चन्द्र पाठक, डीसी0 मनरेगा, डीआईओएस गोविन्दराम, उप निदेशक कृषि डा0 प्रभाकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राना, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र, ईओ तुलसीपुर व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीध कर्मचारीगण उपस्थित रहे। तहसील उतरौला में अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योति गौतम व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस 41 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों का संबंधित विभाग के अधिकारी तीन दिवस के भीतर स्थलीय सत्यापन करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार रामाश्रय, सीओ उदयराज सिंह, एसडीएम, नायब तहसीलदार व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। तहसील बलरामपुर संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।





इस दौरान फरियादियों द्वारा 35 प्रार्थना पत्र दिये गये, जिसमें से मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधित विभागों के अधिकारी स्थलीय सत्यापन करते हुए तीन दिवस के भीतर करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान सीओ दरवेश कुमार, तहसीलदार अवधेष कुमार, नायब तहसीलदार प्रतिमा मौर्य, नायब तहसीलदार ऐयश्वर्य, नायब तहसीलदार, बीडीओ सागर सिंह व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 01 अदद ट्रैक्टर व ट्राली के साथ 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन



में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में चोरी के कोयले के परिवहन के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने एवं इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अनपरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चोरी का कोयला ट्रैक्टर व ट्राली से परिवहन करते हुए 02 नफर अभियुक्तो 01. बजरंगी सिंह पुत्र स्व0 बिहारी सिंह चौहान, निवासी कहुवानाला, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष 02. देव शरन पनिका पुत्र राम सनेही पनिका, निवासी कहुवानाला, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष को बिना नम्बर प्लेट के ट्रैक्टर व ट्राली मय कोयला (कुल वजन 4650) किग्रा के साथ गिरफ्तार किया गया तथा बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना अनपरा पर मु0अ0सं0 07ध2023 धारा 379, 411, 413, 414 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

# क्षेत्राधिकारी सदर ने पुलिस बल के साथ की सघन काम्बिंग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम



रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सदर डॉ0 चारु दिवेद्धी के नेतृत्व में थाना माँची पुलिस व पीएसी बल द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम उजियारी व तदुंदाही के जंगलों में सघन काम्बिंग की गयी। इसके अतिरिक्त थाना दुद्धी पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत में, थाना करमा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बंदरदेवा व करकी के जंगलों में मय पीएसी सघन काम्बिंग की गयी। काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। माह के प्रथम शनिवार को जनपद के प्रत्येक



तहसील स्तर पर '"संपूर्ण समाधान दिवस"' का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा तहसील ओबरा पर उपस्थित रहकर 'संपूर्ण समाधान दिवस' की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा ताइक्वांडो स्पर्धा में जीती बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# अपनादल एस की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपना दल एस' जिला कार्यालय ब्रह्मनगर में जिला स्तरीय मासिक बैठक का जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल के अध्यक्षता में संपन्न की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि 'प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच आनंद पटेल दयालु रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यतिथि ने कहा कि 'हम सभी कार्यकर्त्ता बहन अनुप्रिया पटेल के हाथों को मजबूत करने के लिए संकल्पित हैं इसी क्रम में नगर निकाय चुनाव में पार्टी बड़ी ही मजबूती के साथ चुनाव लडेगी' तथा बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने कहा कि आज अपना दल एस का जनपद के गांव से लेकर शहर तक पार्टी का कारवां बढ़ रहा है, जिसके लिए जनपद के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि 'जिस तरीके से विधानसभा, लोकसभा, जिला पंचायत में लड़े थे उसी तरीके से मजबूती से आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव में अपना दल एस का परचम लहराते हुए बहन अनुप्रिया पटेल और आशीष भैया के हाथों को मजबूत करेंगे। बैठक का सफल संचालन राजकुमार बौद्ध व श्यामाचरण गिरी (जिला महासचिव) ने किया। बैठक में प्रमुख रुप से वरिष्ठ नेता सुरजीत पटेल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश पटेल तरंग, जिला महासचिव महेश अग्रहरी, जय सिंह पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष व्यापार मंच, जिला सचिव बाबूराम पटेल, युवा मंच जिलाध्यक्ष सतीश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी विकास पटेल, किसान मंच जिलाध्यक्ष विजेंद्र बहादुर पटेल, जिलाध्यक्ष छात्र मंच राकेश पटेल जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच आशिफ अहमद, जिला सचिव युवा मंच संजय कुमार सिंह, राधेश्याम भारती, जिला उपाध्यक्ष बौद्धिक मंच प्रवीण त्रिपाठी, कालूराम पटेल, पवन कुमार पटेल, विजेंद्र सिंह पटेल, मनोज कुमार पटेल, दिनेश केसरी, वीरेंद्र कुमार जोन अध्यक्ष, पुष्पराज पटेल जोन अध्यक्ष रामगढ़, नवनीत सिंह पंचायत मंच जिलाध्यक्ष, गिरजा सिंह पटेल और सर्वेश कुमार शुक्ला इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों का किया गया नेत्र प्रशिक्षण



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग के नेतृत्व में रोडवेज कार्यालय परिसर में नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें परिवहन निगम के चालकों के अतिरिक्त प्राइवेट वाहन चालकोंध्परिचालकों एवं यातायात पुलिस कर्मियों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु यातायात नियमों से संबंधित हैंडबिल, पंपलेट आदि का वितरण किया गया तथा लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई, लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। कोहरे के समय अपने वाहन में रिफ्लेक्ट टेप लगाने एवं उल्टी दिशा ओवरस्पीड में वाहन का संचालन न करने की अपील की गई। इसके साथ ही ट्रैक्टर चालकों को सही दिशा में वाहन चलाने तथा अपने वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार यादव, डॉ रविंद्र कुमार यादव, डॉ सुनील कुमार, आरआई प्रदीप कुमार, यातायात प्रभारी हरिश्चंद्र भारती, टीएसआई अनिल कुमार यादव, अशोक कुमार पांडे तथा आम जनमानस उपस्थित रहे।

# सखी वन स्टॉप सेंटर नोएडा में वजीदपुर झुग्गी की महिलाओं को किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्ध नगर। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सखी वन स्टॉप सेन्टर, बी–11. सेक्टर–62 नोएडा परिसर में वजीदपुर झुग्गी की महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वैच्छिक संगठन म्उचवूमत प्दकपं 4 ॅवता के सौजन्य से किया गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेन्टर के कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। इसी के साथ विभिन्न योजनाएँ जैसे–मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को कम्बल एवं गर्म कपडे वितरित किये गये। कार्यक्रम में सेक्टर–58 थाने के एस०एच०ओ० विवके द्विवेदी, संस्था की संस्थापक कीर्ति माथुर, चौकी इंचार्ज एस0आई0 सोनिका, केन्द्र प्रभारी श्वेता एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# उप जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्ध नगर। नगर पंचायत बिलासपुर में हुए विभिन्न





निर्माण कार्यों को लेकर उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। जनपद में लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता परक रूप से पूर्ण कराने की उद्देश्य से जिला अधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में उप जिला अधिकारी गण एवं सहायक अभियंता गण निरंतर स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार एवं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग के द्वारा नगर पंचायत बिलासपुर में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता परीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य से जुड़े हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्माण कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए एवं समय–समय पर स्वयं भी उनके द्वारा निर्माण कार्यों की भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए जो समय अवधि निर्धारित की गई है उसी समय अवधि में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# व्हिप्ड क्रीम से बनाए जा सकते हैं ये 5 डेजर्ट, आसान है रेसिपी



व्हिप्ड क्रीम के बगैर कोई भी डेजर्ट अधूरा है। यह केक और अन्य डेजर्ट को सजाने के लिए इस्तेमाल की जाती है और इसका मलाईदार टेक्चर और स्वाद दोनों लोगों को खूब पसंद आता है। यह क्रीम दूध से बनाई जाती है, इसलिए यह सेहत के लिए गुणकारी है। हालांकि, किसी भी चीज का ज्यादा इस्तेमाल करने पर वह नुकसानदायक भी हो सकती है। आइए आज हम आपको व्हिप्ड क्रीम के इस्तेमाल से बनने वाली पांच डेसर्ट रेसिपी बताते हैं।

व्हिप्ड क्रीम स्ट्रॉबेरी शॉर्टकेक

सबसे पहले स्ट्रॉबेरी और चीनी को एक साथ मिलाकर फिलिंग तैयार कर लें। अब मैदा, बेकिंग पाउडर, दूध, मक्खन और चीनी डालकर सख्त आटा तैयार करें। इस आटे को केक का आकार दें और सुनहरा होने तक बेक करें। अब इलेक्ट्रिक मिक्सर का उपयोग करके व्हिप्ड क्रीम को अच्छे से फेंटें। केक के बेक हो जाने के बाद इसके स्लाइस कट करें और हर स्लाइस में स्ट्रॉबेरी फिलिंग भरकर ऊपर से व्हिप्ड क्रीम लगाएं। अंत में स्ट्रॉबेरी से सजा दें।

आयरिश क्रीम कॉफी: आयरिश क्रीम कॉफी बनाने के लिए सबसे पहले अपनी पसंदीदा कॉफी बनाना शुरू करें। अब क्रीम के फ्लफी होने तक उसे व्हिप कर लें। इसके बाद एक बड़ा कॉफी मग लें और इसमें पहले से तैयार कॉफी, चीनी, व्हिस्की और आयरिश क्रीम मिलाएं। अंत में सजाने के लिए इसके ऊपर व्हिप्ड क्रीम डालें और ऊपर से थोड़ी कॉफी छिड़क दें। यह बनाने में बेहद आसान है और इसका स्वाद भी अच्छा है।

हॉट चॉकलेट

सबसे पहले एक पैन में पानी, दूध, चीनी और कोको पाउडर एक साथ डालकर उन्हें उबालें। इन्हें तब तक उबालें जब तक कि ये गाढ़ा न हो जाएं। अब इसमें चॉकलेट सॉस और वनीला एसेंस डालकर अच्छे से मिलाएं और पकने दें। इसके बाद इस मिश्रण को कप में डालें और फिर इसके ऊपर से व्हिप्ड क्रीम डालें। आप चाहें तो क्रीम के ऊपर थोड़ा कोको पाउडर भी डाल सकते हैं। अब हॉट चॉकलेट को गरमागरम सर्व करें।

बनाना स्प्लिट: बनाना स्प्लिट बनाना काफी आसान है और यह बच्चों के सेवन के लिए बेहतरीन डेजर्ट है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले केले को छील लें और फिर लंबाई में ही इसके दो टुकड़े कर दें। अब दोनों टुकड़ों को एक सर्विंग बाउल के किनारे रखें और बीच में अपनी पसंदीदा आइसक्रीम रखें। इसके बाद एक पाइपिंग कोन में व्हिप्ड क्रीम डालकर इसे आइसक्रीम के ऊपर लगाएं। अंत में इसे चॉकलेट सिरप और चेरी से सजाएं।

व्हिप्ड क्रीम कपकेक: सबसे पहले ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। अब मैदा, बेकिंग पाउडर और नमक एक साथ मिलाकर अलग रख दें। इसके बाद फ्लफी होने तक क्रीम को अच्छे से फेंटें। इसके बाद व्हिप्ड क्रीम में वनीला एक्सट्रेक्ट और चीनी मिलाएं और फिर मैदा वाला मिश्रण डालकर दोबारा मिला लें। अब इस मिश्रण को कपकेक मोल्ड्स में डालकर 15 से 20 मिनट तक बेक करें। बेक हो जाने के बाद इसे ऊपर से व्हिप्ड क्रीम से सजाकर सर्व करें।

## जांबाज हिंदुस्तान के में आईपीएस की भूमिका निभाएंगी रेजिना कैसंड्रा

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने अपनी नई वेब सीरीज जांबाज हिंदुस्तान के की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही इस सीरीज की एक झलक भी साझा की गई है, जिसमें अभिनेत्री रेजिना कैसेंड्रा



आईपीएस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रही हैं। जांबाज हिंदुस्तान के देशभक्ति की भावना से लबरेज एक क्राइम थ्रिलर होगी। यह सीरीज रेजिना के लिए गेम–चेंजर साबित होने जा रही है, क्योंकि वह स्क्रीन पर एक शक्तिशाली किरदार निभाएंगी। जी5 की इस नई वेब सीरीज का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार श्रीजीत मुखर्जी ने किया है और जगरनॉट द्वारा निर्मित है। वेब सीरीज जांबाज हिंदुस्तान के सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, जो वर्दी में अधिकारियों द्वारा दिए गए व्यक्तिगत बलिदान और समर्पण की कहानी को दर्शाती है। ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ से अभी रिलीज की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही इसका प्रीमियर किया जाएगा। यह हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।






## आरआरआर ने बियॉन्ड फेस्ट में रचा इतिहास, महज 98 सेकंड में बिके 932 टिकट




फिल्ममेकर एसएस राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर ने दुनियाभर में शानदार कमाई की थी। राम चरण और जूनियर एनटीआर की जोड़ी को दर्शकों ने पसंद किया। इन दिनों आरआरआर ऑस्कर अवॉर्ड की रेस में है। अब फिल्म ने बियॉन्ड फेस्ट में इतिहास रच दिया है। दरअसल, फिल्म को 9 जनवरी को टीसीएल चीनी आईमैक्स थिएटर में प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें कुल 932 लोग बैठ सकेंगे। हैरानी वाली यह है कि आरआरआर के सारे टिकट महज 98 सेकंड में बिक गए। इस खबर की पुष्टि बियॉन्ड फेस्ट ने अपने ट्विटर हैंडल के जरिए दी है। उन्होंने लिखा, यह ऑफिशियल और ऐतिहासिक है। फिल्म आरआरआर ने 98 सेकंड में सारे टिकट बेच दिए। किसी भी भारतीय फिल्म की इस प्रकार की स्क्रीनिंग इससे पहले कभी भी नहीं हुई, क्योंकि इससे पहले आरआरआर जैसी कोई फिल्म बनी ही नहीं। धन्यवाद। सैकनिल्क के अनुसार, आरआरआर ने भारत में 903.68 करोड़ का कारोबार किया है। वहीं, विदेशों में इसने 221.32 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।



## अबू धाबी में अवनीत कौर मना रहीं छुट्टियां

अबू धाबी में अपनी छुट्टियां एंजॉय कर रही एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। उनकी खूबसूरती को देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हो रहे हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वो चांद का टुकड़ा लग रही हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर डेनिम शॉर्ट्स और व्हाइट कलर की स्पेगेटी में नजर आ रही हैं। जिसमें अवनीत बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। व्हाइट एंड ब्लू कलर के श्रग में अवनीत कौर गजब की बला लग रही हैं। ब्लू मैचिंग हील्स और स्लिंग ब्लू बैग के साथ अवनीत कौर (1ठ्ठद्गद्गह्ल् यड्डह्वह्म्) अपने लुक को कंप्लीट कर रही हैं। ब्राउन बेल्ट और ब्लैक सनग्लासेस के साथ एक्ट्रेस अवनीत कौर बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। न्यूड मेकअप और साइनी ब्राउनी हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस को देखकर फैंस का खुद पर काबू रखना मुश्किल हो रहा है। जल्द ही अवनीत कौर लीजेंड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म श्टीकू वेड्स शेरूश फिल्म में दिखाई देंगी। एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के इंस्टा पर 32.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए लगातार वीडियो या फोटो शेयर करती रहती हैं। अवनीत जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक करते हैं। साथ ही कॉमेंट्स के साथ रिएक्शनंस भी देते हैं।

## सफेद कद्दू को डाइट में करें शामिल, स्वास्थ्य को मिलेंगे कई लाभ



सफेद कद्दू इंग्लैंड में काफी लोकप्रिय है और वहां इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से सजावट के लिए किया जाता है। खासतौर से यह कद्दू हैलोवीन के लिए सजावट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सजावटी उद्देश्यों के रूप में इस्तेमाल किए जाने के अलावा सफेद कद्दू तरह–तरह की पाई और सूप सहित कई व्यंजनों का स्वाद बढ़ा सकता है, वहीं इसके सेवन से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि सफेद कद्दू कैसे स्वास्थ्यवर्धक है। तनाव कम करने में मददगारः शरीर में ट्रिप्टोफैन की कमी तनाव पैदा करने के लिए जिम्मेदार होती है। ऐसे में सफेद कद्दू का सेवन करना अच्छा हो सकता है। सफेद कद्दू एल–ट्रिप्टोफैन से भरपूर होता है। यह रासायनिक यौगिक उदास मनोदशा को ठीक करने, खुशी और कल्याण की भावना प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस तरह से सफेद कद्दू तनाव को कम करने में मददगार साबित हो सकता है।

हृदय को स्वस्थ रखने में सहायकः सफेद कद्दू में उच्च मात्रा में फाइटोस्टेरॉल होता है। यह यौगिक खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। खराब कोलेस्ट्रॉल का अधिक स्तर ही कई हृदय रोग का कारण बन सकता है। ऐसे में इसके नियंत्रित रखना बेहद जरूरी होता है। इसके अतिरिक्त सफेद कद्दू ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी सहायक हो सकता है।

आंखों के स्वास्थ्य के लिए भी है फायदेमंदः सफेद कद्दू में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो आंखों को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाने और मोतियाबिंद जैसी आंखों की बीमारियों का खतरा कम करने में मदद कर सकते हैं। इस कद्दू का नियमित रूप से सेवन आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर करने में मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें विटामिन– ए की भरपूर मात्रा होती है।

प्रोस्टेट कैंसर से सुरक्षित रखने में हो सकता है मददगारः सफेद कद्दू और इसके बीजों में कैरोटेनॉयड्स और जिंक की उच्च मात्रा होती है, जो प्रोस्टेट कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। ये यौगिक प्रोस्टेट के बढ़ने के साथ–साथ इर्रिटेबल ब्लैडर की समस्याओं को बचाने में भी मदद करते हैं। सफेद कद्दू के बीजों का इस्तेमाल बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया के उपचार के लिए भी किया जा सकता है। इम्यूनिटी बढ़ाने में है कारगरः सफेद कद्दू विटामिन–ए, विटामिन–सी, मैग्नीशियम और पोटैशियम से भरपूर होता है, जो शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें कैल्शियम, फाइबर, आयरन, कॉपर और फ्लेवोनोइड्स की अधिक मात्रा भी मौजूद होती है, जो इसे संक्रमण से लडने वाले ऊतकों और कोशिकाओं के उचित विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाते हैं। इस कारण सफेद कद्दू के विभिन्न व्यंजनों का सेवन करना अच्छा है।